

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-333 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये






# अंततः साइंस कॉलेज चौपाटी चौपट

## हटाने दल-बल के साथ पहुंचा निगम अमला, झूमाझटकी के बाद खदेड़े गए प्रदर्शनकारी, पूर्व एमएलए विकास उपाध्याय समेत कई कांग्रेसी गिरफ्तार

**रायपुर,22 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर में शनिवार सुबह साइंस कॉलेज चौपाटी हटाने की कार्रवाई को लेकर व्यवसायियों और कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया. आज सुबह 5 बजे तक अल्टीमेटम मिलने के बाद व्यवसायियों में हड़कंप मच गया था. बीती रात पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी समेत कई कांग्रेसी व्यवसायियों के समर्थन में धरने पर बैठ गए. इसके बाद आज सुबह पुलिस बल जेसीबी क्रेन के साथ चौपाटी पहुंची.

निगम की कार्रवाई के दौरान भारी हंगामा देखने को मिला. मौके पर सभी जोन के अधिकारी भी पहुंचे. वहीं कार्रवाई किए जाने पर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय समेत कई कांग्रेस नेता जेसीबी के नीचे लेट गए. इस बीच कांग्रेसियों और पुलिसकर्मियों में झूमाझटकी भी हुई. पुलिस ने पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है.फिलहाल निगम की टीम चौपाटी को हटाने की कार्रवाई में जुटी हुई है. निगम की दर्जनभर से अधिक गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं.

इस दौरान कांग्रेस नेता ने कहा कि, यहाँ चौपाटी तभी हटा पाएंगे जब ये करें मेरे ऊपर से गुजरेगी। विकास ने यह भी कहा कि, एक नेता को जिद पर करीब 10 करोड़ रुपये के काम ख़त्म किये जा रहे है। इस बीच स्थानीय विधायक राजेश मूणत के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। कानून-व्यवस्था की स्थिति को सँभालते हुए पुलिस ने समर्थको को वहां से खदेड़ना शुरू कर दिया है।

**राजेश मूणत और सुबोध हरितवाल के बीच हुई बहस**-बीजेपी विधायक राजेश मूणत और कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल के बीच जमकर बहस हुई। साइंस कॉलेज मैदान के सामने से चौपाटी हटाने के विरोध में बहस हुई।

शनिवार सुबह हालात तब और गरम हो गए जब पुलिस बल और नगर निगम का अमला जेसीबी क्रेन तथा अन्य उपकरणों के साथ चौपाटी हटाने पहुंचे। पुलिस ने पहले इलाके को



घेरा, फिर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। कांग्रेस समर्थकों ने जोरदार विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।

मौके पर मौजूद दुकानदारों ने कहा कि यह चौपाटी वर्षों से उनकी आजीविका का केंद्र रही है और अचानक बिना समुचित विकल्प दिए इसे हटाने का निर्णय अनुचित है। उनका कहना था कि प्रशासन को पुनर्वास की व्यवस्था के बिना कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग करते हुए उन्हें मौके से दूर खदेड़ना शुरू किया। कुछ प्रदर्शनकारियों को अस्थायी रूप से हिरासत में लेने की भी खबर है। घटना के कारण जीई रोड क्षेत्र में सुबह से ही ट्रैफिक धीमा रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि रातभर से चल रहे विवाद के कारण माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

### ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग की योजना

चौपाटी के लिए व्यापारियों के लिए ओवरब्रिज के नीचे जिस जमीन का चयन किया गया था, वह रेलवे की है. रेलवे द्वारा उस जमीन पर पार्किंग बनाने की योजना बना रहा है. इसे ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा वहां काम करने वाले मोटर मैकेनिकों को जगह खाली करने का नोटिस दिया गया है. रेलवे द्वारा मालिकाना हक जताने के बाद चौपाटी शिफ्टिंग का मामला ठंडा पड़ गया था.

## संक्षेप

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक में पीछे बैठी युवती की मौत

**भिलाई,22 नवंबर।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र के आज सुबह नेशनल हाईवे रोड पर चंद्र क्रेन के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से बाइक को ठोकर मार दी पीछे बैठी युवती सड़क पर गिर गई और ट्रक ने उसे कुचल दि या घटनास्थल पर ही युवती की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रेलर चालक वाहन सहित फरार हो गया खुर्सीपार थाने पुलिस के द्वारा मामला कायम कर विवेचना में लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि आज सुबह भिलाई तीन निवासी पिता के यहां जाने राजनांदगांव ससुराल से पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंची उसके पिता अपनी बेटी साक्षी द्विवेदी ( 29 साल ) को बाइक में बैठा कर भिलाई तीन जा रहे थे। इसी दौरान पावर हाउस ओवर ब्रिज से उतरने के बाद चंद्रा क्रेन के ठीक सामने नेशनल हाईवे रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर के द्वारा बाइक को ठोकर मार दी गई इस हादसे में साक्षी द्विवेदी सड़क पर गिर गई और ट्रेलर ने उसे कुचल दिया जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतका साक्षी द्विवेदी का विवाह राजनांदगांव में हुआ था अधिकांश शनिवार एवं इतवार को अपने मायके आ जाती थी। आज भी घटना के समय वह भिलाई - 3 जा रही थी.



### हिडमा को लाल सलाम कर फंसी प्रीति मांझी, युकां ने गठित की जांच समिति

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,22 नवंबर।** युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सह सचिव प्रीति मांझी के विवादित पोस्ट पर संगठन ने कड़ा कदम उठाते हुए जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है. इसके साथ जांच के पूर्ण होने तक बतौर पदाधिकारी उसके काम पर रोक लगाई है. कांग्रेस की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव प्रीति मांझी ने दी सफाई, कहा – मेरी बात का गलत मतलब निकाला जा रहा, मैं हिंसा का नहीं करती समर्थन. दरअसल, प्रीति मांझी ने पिछले दिनों एनकाउंटर में मारे गए कुख्यात नक्सली कमांडर माडवी हिडमा को 'लाल सलाम कामरेड हिडमा' लिखते हुए श्रद्धांजलि दी थी. सोशल मीडिया में पोस्ट के वायरल होने के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा ने फेसबुक में कांग्रेस पर अर्बन नक्सल तैयार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. बात बिगड़ती देख प्रीति मांझी ने अपनी सफाई देते हुए कहा था कि उनकी बात का गलत मतलब निकाला जा रहा है. मैं गाँधीवादी विचारधारा की हूं, और किसी भी सूरत में हिंसा का समर्थन नही करती हूं. लेकिन उनकी सफाई युवा कांग्रेस को रास नहीं आई है. छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी ने अमित सिंह पठानिया ने बताया कि मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उच्चस्तरीय कमेटी का गठन कर दिया गया है. इसके साथ जांच पूरी होने तक प्रीति मांझी के राष्ट्रीय सह सचिव के पद पर कार्य करने पर अस्थाई रोक लगा दी है.

### दिल्ली में बम के बाद 'बंदूक' वाली साजिश का खुलासा

**नई दिल्ली,22 नवंबर।** पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के इशारे पर दिल्ली में अंजाम दिए गए बम धमाके के 10 दिन बाद ही अब 'बंदूक' वाली एक साजिश का खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े हथियार तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार पाकिस्तान, चीन और तुर्की से जुड़े हुए हैं। पूरे नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ बताया गया है, जो तरह-तरह से भारत में खून-खराबे और तबाही की साजिश रचने में व्यस्त रहता है।

# स्टंटबाजी पर ऐसी कार्रवाई हो कि दूसरों को भी सबक मिले: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,22 नवंबर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने प्रदेश भर की सड़कों और हाईवे पर स्टंटबाजी के साथ ही बर्थ-डे सेलिब्रेशन व केक कटिंग के मामलों को मानिटरिंग के लिए रखा है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं होनी चाहिए। बल्कि, ऐसी होनी चाहिए जिससे ऐसे अपराधियों को सबक मिले। मामले में राज्य सरकार से कहा गया कि वह नियमों और प्रावधानों का सख्ती से पालन करें। 21 नवंबर को मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव ने अपने शपथपत्र में बताया कि 25 अक्टूबर को मंत्रालय में आईजी कॉन्फ्रेंस रखी गई थी। जिसमें प्रदेश भर के कलेक्टर और एसपी रैंक के अधिकारी शामिल हुए थे। इसमें सभी जिलों को कड़ाई बरतने कहा गया है। पीएचक्यू से भी इसके लिए आदेश जारी किए गए हैं। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि जिन गाड़ियों को जब्त किया गया था उन्हें बांड भरवाते हुए और शर्तों के साथ छोड़ा जा सकता है। एक साल में इस तरह की कोई और घटना होने पर जब्ती के साथ ही पेनाल्टी लगानी होगी। बता दें कि प्रदेश भर में इस तरह के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। हाईकोर्ट ने स्टंटबाजी, बर्थ-डे सेलिब्रेशन और केक कटिंग के इन मामलों पर स्वतः संज्ञान लेकर राज्य शासन से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अभियान चलाया और स्टंट में शामिल गाड़ियों को जब्त किया है। इसके साथ ही कार मालिकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफ़ारिश भी की गई। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा के नजरिए से की गई ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। ऐसे मामलों में गाड़ियों के मालिकों की पहचान करने के साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने चेतावनी दी कि सार्वजनिक सड़कों पर स्टंटबाजी करने वाले युवाओं को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि यह दूसरों के लिए सबक बने। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि पुलिस का प्रकोप अक्सर केवल गरीब, मध्यम वर्ग और दलितों पर पड़ता है। जबकि संपन्न और बाहुबलियों के खिलाफ पुलिस नख-दंतहीन बाघ बन जाती हैं। ऐसे लोग मामूली जुर्माना भरकर आसानी से छोड़ दिए जाते हैं और उनके वाहन भी वापस कर दिए जाते हैं। कोर्ट ने बिलासपुर क्षेत्र के लावर में पुलिस द्वारा जब्त की गई 18 कारों को हाईकोर्ट की अनुमति के बिना नहीं छोड़ने कहा था। अब शासन की ओर से जवाब पेश करने के बाद इन गाड़ियों को बांड भरने के बाद छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। शासन की ओर से चीफ सेक्रेटरी ने जवाब में कहा कि इस बारे में लोगों को भी जागरूक होना होगा। सिविक सेंस जरूरी है। शासन अपने स्तर पर कड़ाई के साथ ही नियमों का पालन करा रहा है। लोगों में जागरूकता अभियान हर थाने स्तर पर चलाए जा रहे हैं। कलेक्टर और एसपी की ओर से इसके लिए अलग

# 'अगर हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी': भागवत

**इंफाल,22 नवंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत हिंदू धर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमने समाज का एक बेसिक नेटवर्क बनाया है, उसके चलते हिंदू समाज रहेगा। अगर हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी। मणिपुर के दौरे पर गए भागवत ने कहा, 'परिस्थिति का विचार सबको करना पड़ता है। परिस्थिति आती है और जाती है। दुनिया में सब देशों पर तरह-तरह की परिस्थिति आई और गई। कुछ देश उसमें समाप्त हो गए। देखिए कि यूनान, मिस्र और रोम सब मिट गए। कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।' मोहन भागत ने कहा, 'भारत एक अमर समाज, अमर सिविलाइजेशन का नाम है। बाकी सब आए, चमके और चले भी गए। इन सबका उदय और अस्त होते हमने देखा है। हम अभी भी हैं और रहेंगे क्योंकि हमने अपने समाज का बेसिक नेटवर्क बनाया है। उसके चलते हिंदू समाज रहेगा। अगर हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी। धर्म का सही अर्थ और मार्गदर्शन दुनिया को



समय-समय पर हिंदू समाज ही देता है।' उन्होंने कहा कि यह हमारा ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है। आरएसएस चीफ ने कहा, 'ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त नहीं होता था। लेकिन भारत में उनके सूर्यास्त की शुरुआत हुई। इसके लिए हमने 90 साल प्रयास किए। 1857 से लेकर 1947 तक। इतने लंबे समय तक स्वतंत्रता के लिए हम सब लड़ते रहे। वह आवाज कभी हमने दबने नहीं दी। कभी कम हो गई, कभी बढ़ गई, लेकिन दबने कभी नहीं दी। भागवत ने कहा कि हर समस्या का अंत संभव है। इसके लिए उन्होंने नक्सलवाद का उदाहरण देते हुए कहा कि जब समाज ने तय किया कि अब यह बर्दाश्त नहीं होगा, तब यह खत्म भी हो गया। मोहन भागवत ने इंफाल में जनजातीय नेताओं के साथ शुक्रवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एकता का आह्वान किया और दोहराया कि उनका संगठन समाज को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। भागवत ने कहा, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी के खिलाफ नहीं है। इसका गठन समाज को नष्ट करने के लिए नहीं, बल्कि समाज को समृद्ध करने के लिए किया गया है।' उन्होंने कहा कि संघ न तो राजनीति करता है और न ही किसी संगठन को रिमोट कंट्रोल से चलाता है। यह केवल मित्रता, स्नेह और सामाजिक सद्भाव के माध्यम से काम करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता के प्रति समर्पण के साथ समाज की बेहतरी के लिए काम करने वाला कोई भी व्यक्ति पहले से ही अघोषित स्वयंसेवक है।

## पंजाब में 350 करोड़ की हेरोइन बरामद

**फिरोजपुर ,22 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों की पालना करते हुए पंजाब पुलिस लगातार नशे के खिलाफ काम कर रही है। इसी बीच एएनटीएफ ने फिरोजपुर से 50 किलो हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 350 करोड़ आंकी गई है। जानकारी के मुताबिक तस्कर एक कार में हेरोइन लेकर जा रहे थे, तभी एएनटीएफ ने कार्रवाई की।

# मुजम्मिल ने 5 लाख में खरीदी थी एके-47

### डीप फ्रीजर में रखता था विस्फोटक

**नई दिल्ली,22 नवंबर।** 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास हुए आत्मघाती कार धमाके की जांच में खुफिया एजेंसियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। जांच में ऐसे सबूत मिले हैं जो इस हमले को एक बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल, बहु-स्तरीय हैंडलर चेन और कई स्थानों पर एक साथ हमले की विस्तृत साजिश से जोड़ते हैं। जांच में सामने आया है कि फरीदाबाद में पकड़े गए मुजम्मिल के पास से 2500 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया था। इससे पहले उसने 5 लाख रुपये से अधिक में एके-47 खरीदी थी, जो बाद में आरोपी अदील के लॉकर से मिली। एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी के अनुसार, यह खरीद इस मॉड्यूल की तैयारी और वित्तीय क्षमता को दर्शाती है। यह भी पता चला कि उसने एक डीप-फ्रीजर खरीदा, जिसका उपयोग विस्फोटक मिश्रण को स्टेबलाइज और प्रोसेस करने के लिए किया गया।

खुफिया सूत्रों के अनुसार, मॉड्यूल के हर सदस्य को अलग-अलग हैंडलर निर्देश दे रहे थे। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, कार धमाका करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट करता था। दो प्रमुख हैंडलरों मंसूर और हाशिम के ऊपर एक सीनियर सुपरवाइजर बैठा था, जो पूरे मॉड्यूल को कंट्रोल कर रहा था। यह संरचना पाकिस्तान-अफगानिस्तान आधारित आतंकी नेटवर्क की शैली से मेल खाती है। खुलासा हुआ है कि 2022 में मुजम्मिल, अदील और एक अन्य आरोपी मुजफ्फर अहमद तुर्की गए थे, जहां उन्हें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से जुड़े उकाशा नामक व्यक्ति के निर्देश पर अफगानिस्तान भेजा जाना था। लेकिन तुर्की में लगभग एक सप्ताह इंतजार कराने के बाद संपर्क व्यक्ति ने उन्हें आगे नहीं भेजा।

# तुच्छ चूक के लिए 28 दिन जेल,अधिकारियों पर भड़का सुको

**नई दिल्ली,22 नवंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत के आदेश में किसी तुच्छ चूक का हवाला देकर उसकी अवहेलना करना पूरी तरह अनुचित है। यह टिप्पणी उस मामले की सुनवाई के दौरान की गई जिसमें उत्तर प्रदेश की जेल प्रशासन ने एक अंडरट्रायल कैदी की रिहाई 28 दिनों तक रोके रखी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के जमानत आदेश में एक उपधारा (i) का जिक्र छूट गया था, हालांकि बाकी सभी विवरण पूरी तरह स्पष्ट थे। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, आफताब नामक आरोपी को उत्तर प्रदेश अवैध धर्मांतरण निषेध अधिनियम के तहत बुक किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 29 अप्रैल 2025 को उसे जमानत दी थी। आदेश में धारा 5(i) के स्थान पर केवल धारा 5 लिखा गया था। इस मामूली चूक के आधार पर जेल अधिकारियों ने उसकी रिहाई रोक दी और वह 27 मई तक जेल में बंद रहा। जून 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने इस देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए यूपी सरकार को आफताब को 5 लाख रुपये की अंतरिम क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया था। साथ ही, कोर्ट ने गाजियाबाद के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज को मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया। 17 नवंबर को जब यह मामला जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बेंच के सामने आया, तो उन्होंने जांच रिपोर्ट का वह हिस्सा देखकर आश्चर्य व्यक्त किया जिसमें देरी के लिए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) जुनैद मुजफ्फर को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया गया था। जस्टिस पारदीवाला ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से तीखा सवाल पूछा- जब आदेश सुप्रीम कोर्ट का था, तो देरी के लिए एडीजे को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? वह तो केवल हमारे आदेश का अनुपालन कर रहे थे। सिर्फ इसलिए कि धारा 5 की उपधारा (i) नहीं लिखी थी, व्यक्ति को 28 दिन तक जेल में क्यों रखा गया? एएसजी भाटी ने कहा कि मुद्दा तब सुलझा जब आरोपी ने आदेश संशोधन के लिए आवेदन दिया। इस पर बेंच ने असहमति जताई।

**'कार्यपालिका न्यायालय के आदेशों पर बैठ गई' : जस्टिस विश्वनाथन**-जस्टिस के.वी. विश्वनाथन ने कड़े शब्दों में कहा- यह तो कार्यपालिका का न्यायिक आदेशों पर बैठ जाना है। बिल्कुल बेहूदा बहाना- यह कैसे स्वीकार्य हो सकता है कि यदि सीजेआई जमानत दे दें और कोई उपधारा छूट जाए, तो सरकार उसे लागू न करे? जब अपराध संख्या, आरोपी का नाम, पुलिस स्टेशन और सब कुछ स्पष्ट था, तो ऐसी देरी क्यों?

**कोर्ट ने एडीजे की राय मांगी**-बेंच ने कहा कि किसी अधिकारी को दोषी ठहराने से पहले उसकी बात सुनना जरूरी है। इसलिए कोर्ट ने आदेश दिया कि एडीजे जुनैद मुजफ्फर अपनी लिखित टिप्पणियां दाखिल करें, खासकर जांच रिपोर्ट के पैरा 8 पर, जिसमें उन्हें पूरी तरह दोषी बताया गया है। कोर्ट ने कहा- जब सर्वोच्च न्यायालय, वह भी मुख्य न्यायाधीश की पीठ, कोई आदेश पारित करती है, तो अधिकारियों का तुच्छ त्रुटियों के आधार पर आदेश को नजरअंदाज करना बिल्कुल उचित नहीं है। यह अदालत इस चूक को गंभीरता से देख रही है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री को आदेश दिया कि अधिकारी से टिप्पणी जल्द से जल्द मंगाई जाए और मामला अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

## एक नजर

### गोली कांड का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई,22 नवंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र में हुए चर्चित गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है एसीसीयू टीम ने मुख्य आरोपी करन साव के ममेरे भाई राजेश साव को बिहार शरीफ (झीगनगर) से गिरफ्तार किया वहीं वारदात के दौरान बाइक चलाने वाले आरोपी बबलू उर्फ बड़का को आरपीएफ की मदद से महाराष्ट्र के तुमसर स्टेशन में ट्रेन से हिरासत में लिया गया पुलिस ने उनसे पिस्टल, जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त चोरी की बाइक बरामद की है शूटर विक्की और मीडिएटर रवि अब भी फरार है। इस मामले में कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है रेलवे की मदद से बबलू दोधा गया दो टीमें बनाई गई एक टीम बिहार में, दूसरी तकनीकी इनपुट पर काम कर रही थी बिहार में राजेश की गिरफ्तारी के बाद सूचना मिली कि बबलू टाटा होते हुए पुणे भाग रहा है आरपीएफ की मदद से प्वाइंट चलवाया गया और तुमसर स्टेशन पर पहुंचते ही बबलू को ट्रेन से पकड़ लिया गया और उसे दुर्ग पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि विकास प्रजापति ( 26 साल) पर बाइक सवार शूटरों ने फायरिंग कर हत्या का प्रयास किया था जामुल थाना में धारा 109 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की शुरुआती कार्रवाई में सात आरोपियों को पकड़ा गया था पिस्टल, बाइक और 55 हजार करन ने दिए एएसपी के मुताबिक घटना से दो दिन पहले राजेश, रवि बबलू और विक्की जामुल पहुंचे करन ने उन्हें पिस्टल, कारतूस, सिम, चोरी की बाइक और 55 हजार रुपए उपलब्ध कराए थारों को अपनी दुकान गोडाउन में ठहराया और विकास प्रजापति की रेकी कराई फिर वारदात को अंजाम दिया गया बदले की आग में अपराध जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी करन साव अपने चचेरे भाई शिवम साव की हत्या का बदला लेना चाहता था इसी वजह से उसने बिहार शरीफ निवासी अपने ममेरे भाई राजेश साव से संपर्क किया राजेश ने अपने परिचित रवि को शूटर की व्यवस्था करने के लिए कहा रवि ने झारखंड के बबलू उर्फ बड़का और विक्की को पैसे लेकर सुपारी शूटिंग के लिए बुलाया विक्की ने चलाई गोली, बबलू चला रहा था बाइक पूछताछ में बबलू ने बताया कि यह बाइक चला रहा था और विक्की पीछे बैठा था। तय स्थान पर पहुंचते ही संकेत मिलते ही विक्की ने फायरिंग की दोनों मौके से भागे, रायपुर स्टेशन पर बाइक छोड़कर बस से रांची की ओर निकल गए ।

### स्कूल शिक्षा ने किया अत्याधुनिक इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण

**दुर्ग, 22 नवम्बर ।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने आज लगभग 144.78 लाख रुपये की लागत से निर्मित रविशंकर स्टेडियम के समीप अत्याधुनिक इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया। मंत्री श्री यादव ने फीता काटकर इस नवीन खेल परिसर को जनता को समर्पित किया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि यह अत्याधुनिक इंडोर सुविधा न केवल युवा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए उपयुक्त वातावरण देगी, बल्कि जिले में खेल को नई दिशा देने और युवा प्रतिभाओं को सशक्त मंच उपलब्ध कराने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से आने वाली पीढ़ियों को स्थायी लाभ मिलेगा।

# कबीरधाम के दलदली ग्राम में नशा मुक्ति का शंखनाद , बैगा आदिवासी समुदाय एवं बच्चों ने ली सशक्त भविष्य की शपथ



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,22 नवंबर।** दुर्गम भौगोलिक चुनौतियों और दूरस्थता को दरकिनार करते हुए कबीरधाम जिले के दलदली ग्राम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सराहनीय पहल की गई। विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी बहुल क्षेत्र के शासकीय उच्चतर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित नशा मुक्ति शपथ ग्रहण ने संदेश दिया कि सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प किसी भी दूरी या दुर्गमता से बड़ा है।

दलदली क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए समाज कल्याण विभाग और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर इस कार्यक्रम को जन-जागरण का महाअभियान बना दिया। इस विशेष प्रयास का मुख्य लक्ष्य यहां के युवाओं और विद्यार्थियों को नशे की भयावहता से बचाकर, उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ना था। अभियान के वालेंटियर श्री चंद्रकांत यादव ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस शपथ के माध्यम से सबने न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी इस अभिशाप से मुक्त करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग की साझेदारी उल्लेखनीय रही।

समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम के मार्गदर्शन में जिलेभर में यह अभियान अब एक जन आंदोलन बन चुका है। दलदली का यह कार्यक्रम सिद्ध करता है कि दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में भी जन-जागरूकता, परामर्श, और सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। यह शपथ केवल एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि यह बैगा समुदाय के लिए स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त भविष्य की नींव है। जिला प्रशासन ने संकल्प लिया है कि नशा मुक्त भारत के इस पवित्र उद्देश्य को जिले के हर कोने तक पहुँचाया जाएगा। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक श्री बोनीफास मिंज, प्रधान आरक्षक श्री वसीम रजा कुरैशी, महिला आरक्षक थाना तरेगांव जंगल श्रीमती सुभद्रा मरकाम, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दलदली, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दलदली अधीक्षक शासकीय आदिवासी आश्रम शाला इनके साथ ही, क्षेत्र के सरपंच, उपसरपंच, पंच और गणमान्य नागरिकों ने मंच साझा किया, जो जमीनी स्तर पर नेतृत्व और सहयोग की भावना को मजबूत करता है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने सहसपुर लोहारा भाजपा मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई



**कवर्धा, 22 नवंबर।** भाजपा मंडल सहसपुर लोहारा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का लोहारा स्थित अपने निज कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहूजी ने स्वागत ओर सम्मान कर उन्हें बधाई दी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि निश्चित ही आप सभी के परिश्रम और लगन से भाजपा नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लालाराम साहू

नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा ,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक पटेल ,जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि भूखन साहू,जनपद पंचायत विधायक प्रतिनिधि परदेशी पटेल,पूर्व मंडल अध्यक्ष परेटन वर्मा,नगर पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत साहू, पूर्व महामंत्री सोहन शिवोपासक,योगेश साहू,युवामोर्चा अध्यक्ष रामचरण साहू, लता साहू,पुष्पा सोनी, संतोष तिवारी,जलेश्वर वर्मा,रेखचंद पटेल,सुशील निर्मलकर,कीर्तिदास वैष्णव,अगहन साहू,शिवचरण पटेल, सत्यप्रकाश तिवारी, दिवाकर डडसेना ,मोहन साहू, खिकेश जांघेल,सियाराम वर्मा, त्रिलोचन साहू,अर्जुन वर्मा,पीला झरिया, चैन् सिंह,लीलाधर साहू,पाली, अवध यादव, जीतू पाली, लक्ष्मण कुंभकार,केवल मानिकपुरी व भाजपा मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान की भक्ति में ही शांति और सुख



**उतई, 22 नवंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने तालपुरी बी ब्लाक और आशीष नगर रिसाली में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर कथा वाचक संत निरंजन महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कथा का रसपान किया और इस ज्ञान यज्ञ में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भगवान की भक्ति में ही शांति और सुख है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे भगवान की भक्ति में लभाए और अपने जीवन को भगवान की सेवा में समर्पित करें।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनीष यादव, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, हरिशंकर साहू, पार्षद सविता धवंस, मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, अनुपम साहू, अजीत चौधरी, कालज शर्मा, ईश्वरीय लता, अश्वनी कुमार शुक्ला, रश्मी शुक्ला, आर पी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एसआईआर फॉर्म भरते समय नहीं होती ओटीपी की जरूरत, साइबर ठगी से सतर्क और सुरक्षित रहें

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 22 नवंबर।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी करते हुए बताया है कि पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया के दौरान कभी भी मतदाता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी की जरूरत नहीं होती है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी-आधारित धोखाधड़ी से बचाना है।

ओटीपी की कोई जरूरत नहीं, झांसे में न आएं विभाग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इस बात पर विशेष रूप से जोर दिया है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है। अतः एसआईआर के नाम से कोई ओटीपी मांगते तो झांसे में ना आए।काल कर कोई ओटीपी के लिए दबाव बनाए तो पुलिस में दे सूचना, हेल्पलाइन नंबर से ले सकते हैं सहयोग यदि आपको कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह हमें दे दीजिए, तो उन्हें तुरंत मना कर दें। इसके लिए बीएलओ से सीधे संपर्क करें। अगर कोई व्यक्ति ओटीपी मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे या जोर डाले, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। विभिन्न राज्यों की पुलिस ने नागरिकों को शएसआईआर फॉर्मश् भरने की प्रक्रिया से जुड़ी एक नई प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी (स्कैम) के प्रति आगाह किया है और लोगों से अपील की है कि वे किसी भी सूरत में अपने मोबाइल फोन में प्राप्त वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर के सहयोग ले सकते हैं।

# धोखाधड़ी के तीन आरोपी गिरफ्तार







**भिलाई, 22 नवंबर।** भिलाई 32 लोगों से 33 लाख 50 हजार रुपए लेकर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से 2,20,000 रुपए नगद, दो कार, एक इलेक्ट्रिक ओला स्कूटी, 4 मोबाइल, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड को जब्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत बेरोजगार युवकों को स्थाई नौकरी का झांसा देकर रकम लेने के बाद धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को पकड़ा है18 नवंबर को प्रार्थिया श्रीमती रीति देशलहरा निवासी ग्राम उमरपोटी थाना उतई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नवरात्रि पर्व वर्ष 2022 में उसके घर उमरपोटी में आकर बिसेसर मारकंडे उर्फ गुप्ता जो कि उसके पति का पूर्व परिचित था, घर में आकर भेंट मुलाकात किया था। आरोपी ने उसके पति से कहा कि भारतीय रेल गोदाम में वह स्थाई नौकरी दिलवा रहा है वहां वह टीम लीडर है। अगर आपके परिवार में कोई बेरोजगार है तो उसे 3 महीने के अंदर नौकरी लगवा दूंगा, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति ढाई लाख रुपए देना होगा। आरोपी बिसेसर मारकंडे उर्फ विश्वेश्वर उर्फ गुप्ता द्वारा अन्य साथियों के साथ मिलकर रीति देशलहरा के मकान में आकर 24 दिसंबर 2022 से 24 अप्रैल 2023 के मध्य कुल 28 बेरोजगारों को भारतीय रेलवे माल गोदाम में स्थाई नौकरी लगाने का झूठा आश्वासन दिया और कुल 33,50,000 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया था। आरोपी बिसेसर मारकंडे उर्फ विशेश्वर मारकंडे उर्फ गुप्ता, प्रमोद कुमार मारकंडे उर्फ राहुल, हेमंत कुमार साहू को टीम ने हिरासत में लिया तीनों ही आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि विशेश्वर मारकंडे रेलवे माल गोदाम रसमड़ा में हमाली का काम करता था हेमंत साहू जो रेलवे माल गोदाम श्रमिक संगठन का सचिव था और बेरोजगार लोगों को माल गोदाम में नौकरी लगने के नाम पर विशेश्वर द्वारा कैंडिडेट लाने पर पैसा लेकर कमीशन विशेश्वर को देता था आरोपियों ने रकम के पैसे से गाड़ी खरीदना, घर बनाने और परिवार में खर्च करना बताए

# भगवान को दान करने की बारी आती है तब हाथ खींच लेते हैं





**उतई,22 नवंबर।** अहगन के पवित्र माह में पिन्टु वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन गुंडरदेही के कथावाचक पंडित भुपेन्द्र पांडे जी महराज ने सुदामा चरित्र की कथा में भगवान कृष्ण और उनके बचपन के मित्र सुदामा की सच्ची मित्रता की कहानी है। सुदामा, एक गरीब ब्राह्मण थे, जो अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारका में कृष्ण से मिलने जाते हैं। भगवान को दान करने की बारी आती है तब हाथ खीच लेते है और मांगने की बारी आती है तब हाथ फैला देते है अपने मित्र को देखकर कृष्ण बहुत प्रसन्न होते हैं और उनका आदर-सत्कार करते हैं। कृष्ण सुदामा के दिए हुए चिउड़े को प्रेम से खाते हैं और बदले में सुदामा को बिना मांगे ही अपार धन और सुख-समृद्धि प्रदान करते हैं। राजा परीक्षित को ऋषि श्रृंगी के श्राप के बाद, जिन्होंने सात दिनों में तक्षक नाग द्वारा काटे जाने की बात कही, मोक्ष प्राप्त करने के लिए श्रीमद्भागवत कथा सुनाई गई। इस कथा को व्यास के पुत्र, शुकदेव मुनि ने सुनाया, जिससे राजा का मन भौतिक संसार से हट गया और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। यह घटना श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह की परंपरा की शुरुआत का कारण बनी। सुदामा चरित्र की बाते सुदामा और कृष्ण ने एक साथ संदीपनी आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी।सुदामा अत्यधिक गरीबी में रहते थे, लेकिन उन्होंने कभी भी कृष्ण से मदद नहीं मांगी। संस्कार देने की चीज नहीं है बल्कि अपने ऊपर लागु करो बच्चे अपने आप ही सीख जायेंगेअपनी पत्नी के कहने पर, सुदामा केवल चिउड़े लेकर द्वारका जाते हैं, क्योंकि उनके पास कोई और भेंट नहीं थी। कृष्ण सुदामा को देखकर तुरंत नंगे पैर दौड़े आते हैं और उनका गले लगाकर स्वागत करते हैं। कृष्ण सुदामा के पैर धोते हैं और उन्हें उच्च आसन पर बिठाते हैं, अपनी सभी रानियों से उन्हें आशीर्वाद दिलवाते हैं।कृष्ण सुदामा के दिए हुए चिउड़े को प्रेमपूर्वक खा लेते हैं, जिससे वे सुदामा को तीनों लोकों का साम्राज्य दे देते हैं। जब सुदामा अपनी कुटिया में लौटते हैं, तो वे पाते हैं कि उनकी टूटी-फूटी झोपड़ी के स्थान पर एक भव्य महल बन गया है। इस प्रकार, कृष्ण ने अपनी दोस्ती निभाई और सुदामा की गरीबी दूर कर दी। प्रमुख रुप से पिन्टु वर्मा पुष्कर वर्मा चन्दुलाल वर्मा नंदकुमार वर्मा ईश्वरीय वर्मा बलराम वर्मा योगिता वर्मा मंजु वर्मा बदरा बाई कल्याणी बाई बिन्दु बाई मनीषा वर्मा दुर्गा वर्मा पुजा वर्मा भुनेश्वरी खोमेन्द्र विनय मुरली वर्मा कमलेश कुमार साहु मेघु यादव टिकेन्द्र नाथ पुनीत वर्मा सहित इंदिरा नगर पाटन मुहल्लावासी उपस्थित थे ।

### अधिकारियों एवं कर्मियों का चयन

**भिलाई, 22 नवंबर।** नागपुर में आयोजित 6 दिवसीय 69 वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2025 के लिए दुर्ग पुलिस रेंज से अधिकारियों एवं कर्मियों का चयन किया गया है। इसमें 6 विषयों साइंटिफिक एड्स टू इंवेस्टीगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, पुलिस वीडियोग्राफी, एण्टीसबोटाज चेक, कम्प्यूटर अवेयरनेस, डॉग स्क्वाड पर प्रतियोगिता होगा।

# सीजीपीएससी में संजय कुमार सिन्हा का तृतीय प्रयास में चयन,गांव में खुशी की लहर



**भखारा,22 नवंबर।** भखारा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा (सी) के युवा संजय कुमार सिन्हा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी)परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संजय ने अपने तृतीय प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की है, जिसके बाद पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है।संजय कुमार सिन्हा,पिता श्री यशवंत सिन्हा एवं माता श्रीमती यशस्विनी सिन्हा के सुपुत्र हैं। उनके पिता पेशेवर कृषक तथा माता गृहिणी हैं। एक साधारण किसान परिवार से आने वाले संजय की इस सफलता को गांव में प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। संजय ने बचपन से ही परिश्रम और अनुशासन को अपना आधार बनाया और पढ़ाई के साथ-साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया।संजय के परिवार में बहन दुर्गा सिन्हा भाई नरेन्द्र सिंह,विजय सिन्हा,शशिकांत सिन्हा,दानेश्वर सिन्हा और मनीष सिन्हा शामिल हैं जो उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त कर रहे हैं। वहीं बड़े पापा ओमप्रकाश सिन्हा और गजेन्द्र सिन्हा ने भी कहा कि संजय की लगन और धैर्य से पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है।भखारा तहसील क्षेत्र में संजय की सफलता को युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि संजय ने साबित किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास सतत, तो ग्रामीण पृष्ठभूमि भी बड़ी उपलब्धियों के मार्ग में बाधा नहीं बनती।संजय ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और अपने निरंतर परिश्रम को दिया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि पूरे धमतरी जिले के लिए गर्व का विषय बनी हुई है।



### वार्ड 5 और 6 में मतदाता सूची शुद्धिकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन

**भखारा,22 नवंबर।** वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के मतदाताओं के लिए मतदाता सूची शुद्धिकरण का विशेष शिविर गज्जराज कैंप स्थित दुर्गा मंडप में आयोजित किया गया।शिविर में उपस्थित नागरिकों को फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 भरने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई जा रही है। टीम द्वारा नए मतदाता पंजीकरण, नाम संशोधन, पता परिवर्तन एवं नाम हटाने से संबंधित सभी प्रक्रियाओं में लोगों की सहायता की जा रही है।सुरेश साहू एवं उनकी पूरी टीम शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति का मार्गदर्शन कर मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतित बनाने में पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। नागरिकों से अपील है कि वे अधिकाधिक संख्या में शिविर पहुंचकर अपनी जानकारी की जांच कर आवश्यक सुधार करवाएँ।

### 44 छात्राओं को मिली साइकिल, घंटी बजाकर विधायक ललित चंद्राकर का किया अभिवादन

# नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना:नगपुरा स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरण

**उतई, 22 नवंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय नगपुरा की छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के तहत 44 छात्राओं को सायकिल का वितरण किया।। एवं छात्राओं से संवाद कर उनका पढ़ाई के बारे मे जानकारी लिया। छात्राओं ने सायकिल की घंटी बजाकर विधायक ललित चंद्राकर का अभिवादन किया। छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया और साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर साइकिल प्राप्त करने वाली लक्ष्मी ठाकुर डिंपल मंडावी कोमल निषाद कीर्ति निषाद खुशी देवांगन बताती है कि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था, लेकिन सायकिल मिलने से अब पैदल चलना नहीं पड़ेगा। बहुत कम समय में ही स्कूल और स्कूल से घर पहुंच जाएंगे। इस योजना का लाभ पाने वाली छात्राएं कहती है कि छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए काफी अच्छी योजनाएं है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विधायक ललित चंद्राकर का बहुत-बहुत धन्यवाद करते है।*



इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बताया छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कक्षा 09 वीं में प्रवेश लेने वाली उन सभी छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है, जो अनुसूचित जाति एवं जन जाति वर्ग की बालिकाएं होती है। इसके साथ साथ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छात्राओं को भी इस योजना के तहत् निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है । इस योजना का उद्देश्य है कि बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु समिपस्थ हाई स्कूल आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो ।

आगे श्री चंद्राकर ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था आज सभी जगह चरितार्थ हो रही है सभी जगह बेटियां अपने परचम लहरा रही है हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही है हमारी सरकार आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है गरीब बेटियों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए अब 30000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही हैसाथ ही छात्राओं से आग्रह किया कि अपने स्कूल परिसर को हराभरा रखो और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण करने प्रोत्साहित किया।

श्री चंद्राकर ने आगे अभी मतदाता सूची का सर्वेक्षण चल रहा है बीएलओ आपके घर पहुंच फार्म वितरण कर रहे हैं उसको सही डाटा प्रदान करना है जिस मतदाता की मृत्यु हो गया है उसका कटवाना है जो बाहर में रहता है उसक दो जगह मतदाता सूची में नाम ऐसे नाम को एक जगह से कटवाना है 18 साल होने वाले या हो गया है उसका नाम जुड़वाना है सभी को सही डाटा प्रदान करना है जिससे एक व्यक्ति एक ही जगह से मतदान कर सके ।और निर्वाचन कार्यालय में सही डाटा रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दुर्ग श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू (ओमेस्वर) यादव ,ग्राम सरपंच सरोज रिगरी, उपसरपंच नरेन्द्र निषाद, सुखदेव देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष ओमकार देवांगन, गुड्डू निषाद, गावेंद्र देवांगन, सचिव कमलनारायण साहू,प्राचार्य श्री बी के यादव , प्रभारी प्राचार्य श्रीमती एम अग्रवाल, सायकल वितरण प्रभारी सविता श्रीवास्तव, शिक्षक आशीष श्रीवास्तव, शिक्षक निधि सिंग,शिक्षक वी पी निर्मल,नरोत्तम सिंह, खेदन देवांगन, कविता देवांगन, नम्रता मांडले, प्यारी गोस्वामी, पुष्पलता देवांगन, जागेश्वरी सिन्हा, सुनीता देवांगन, शारदा, माहेश्वरी मांडले, सरस्वती सिन्हा, मोतिम देवांगन, व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्टाफ शिक्षक गण ,छात्र - छात्राए बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रभु की भक्ति, भक्त बनकर करना चाहिए, मालिक बनकर नहीं

**डोंगरगढ़ 22 नवंबर।** मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में 21 नवंबर 2025 को मांगलिक क्रियाये संपन्न हुई, मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज के मुखारविंद से शांति धारा संपन्न हुई आचार्य श्री की पूजन संपन्न हुई दुर्ग ,भिलाई की जैन समाज ने श्री फल अर्पण किया, कमेटी ने बताया कि 22 नवंबर को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का आचार्य पद आरोहण महोत्सव दुर्ग में मनाया जाएगा वहीं आहार संपन्न होगा. इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने कहा कि कई बार परिवार में कोई केयर करने वाला नहीं होता है ,कितने लोग होते हैं जिनके पास घर नहीं होता है ,अमूल्य संपत्ति आपका शरीर है, धन संपदा से संतुष्टि नहीं होती है,



मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि मंदिर के लिए प्रभु के लिए जो भी अर्पण किया जाता है। वह भी पूजा के अंतर्गत आता है। भक्ति में तन्मयता के लिए हम प्रभु को सर्वश्रेष्ठ सामग्री अर्पण करते हैं। वैज्ञानिकों ने भी सिद्ध किया है चावल नेगेटिव एनर्जी को खींचता है। मंदिर सुख ,शांति, समृद्धि, प्रदान करने वाले होते हैं। भगवान को छत्र, चमर, भामंडल, प्रतिमा विराजमान करवाना वेदी का निर्माण ,शिखर का निर्माण, मंदिर के लिए भूमि आदि का दान भी पूजन के अंतर्गत आता है ।इसलिए मंदिर के लिए हमेशा सर्वश्रेष्ठ सामग्री का दान करते रहना चाहिए। जिससे जीवन में पाप कम होता है और पुण्य की वृद्धि होती है। और हमेशा इष्ट पदार्थों की प्राप्ति होती रहती है ।और आगामी भवो में भी इसका फल मिलता है,छत्र दान करने से एक छत्र राज्य करता है छत्र देने वाला और चमर दान करने से उसके ऊपर चमर ढुरते हैं। प्रभु की भक्ति सेवा भक्त बनकर करना चाहिए मालिक बनकर नहीं,

प्रभु का हो या परोपकार का कार्य उसके लिए जो भी दान दिया जाता है ,अर्पित किया जाता है फिर उस धन संपत्ति का उपयोग नहीं करना चाहिए ,दान देने से भगवान और महान बनता है व्यक्ति ,दान से शत्रुता का नाश होता है ,दान बोलकर नहीं देने से बीमारियां होती हैं, परेशानी आती है, प्रतिमा मंदिर ,शिखर के लिए दान देने वाले की महिमा का वर्णन करने के लिए सरस्वती भी समर्थ नहीं है, पूर्वजों ने जो भी मंदिर बनवाए थे हम उनकी सुरक्षा कर रहे हैं यह महत्वपूर्ण कार्य है ,दान से सम्मान मिलता है ,पूरी दुनिया में प्रसिद्धि फैलती है ,घर से जो पूजन की शुद्ध सामग्री लाता है वह विशेष पुण्य का अर्जन करता है ,

दानियों के गौरव का बखान दुनिया में होता है ,दान देने वाला दुनिया का सरताज होता है,दान देने वाला करोडो में एक होता है,दान देने वाले को पूरी दुनिया में सम्मान मिलता है ,दान देने से लालच का अंत हो जाता है,सिद्ध भगवान की जो निष्ठा पूर्वक पूजा करता है वह लोकपाल बनता दानियों के गौरव का बखान दुनिया में होता है ,दान देने वाला दुनिया का सरताज होता है,दान देने वाला करोडो में एक होता है,दान देने वाले को पूरी दुनिया में सम्मान मिलता है ,दान देने से लालच का अंत हो जाता है,सिद्ध भगवान की जो निष्ठा पूर्वक पूजा करता है वह लोकपाल बनता है, प्रथम स्वर्ग का कुबेर एक भव अवतारी होता है, लोकपाल का एक भेद कुबेर है,सिद्ध पूजा भव का अंत करने वाली है, सिद्धचक्र विधान कभी भी कर सकते हैं, करोड़ों वर्षों के उपवास का फल जन्म जन्मांतर में किया गया तप तथा करोड़ों दानो का फल यदि किसी को एक साथ मिल जाए तो वह नवीन मंदिर निर्माण करने वाले को मिलता है, संसार अंजुलिभर जल के सामान रह जाता है प्रतिमा विराजमान करने वाले का, पाप का नाश करने के लिए दान सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, अपनी आमदनी का 25% 17% 10% दान करना चाहिए।

## एक नजर

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण निशुल्क शिविर 22,23, 24 नवंबर को

**डोंगरगढ़ 22 नवंबर।** प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर के अग्रोहा धाम इमली पारा में छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ 22 नवंबर शनिवार को प्रातः 10 बजे होगा । समिति के पवन मित्तल योगेश अग्रवाल अनूप सिंघानिया सौरभ अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक तीनों दिन यह शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें हाथ पैर से विकलांग व्यक्ति को माप के अनुरूप उत्तम क्वालिटी का कृत्रिम अंग दिया जाएगा। निशुल्क जांच हेतु मरीज अपना आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र अवश्य साथ में लेकर आए। पूरे प्रदेश के विकलांग भाई इस निशुल्क शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

### टुण्डरा में नशा मुक्ति कार्यक्रम



**बलौदाबाजार, 22 नवंबर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा महंतलाल कला विज्ञान एवं शिक्षा महाविद्यालय टुण्डरा में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति हेतु क्यू.आर.कोड के माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम में मनोविकास हेतु परामर्श, रोजगार हेतु हम होंगे कामयाब के तहत जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

### धान खरीदी हेतु नवीन पंजीयन और रकबा संशोधन की अवधि बढ़ी,25 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**बलौदाबाजार,22 नवंबर।** किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य शासन ने धान बिक्री हेतु नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया है। अब किसान 25 नवंबर 2025 तक अपने नजदीकी तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से पंजीयन तथा रकबा संशोधन करा सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिले के किसानों को पंजीयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए तहसील स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। किसानों को समय पर पंजीयन एवं संशोधन कराने की अपील की गई है ताकि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।किसानों की सहायता के लिए शासन द्वारा टोल-फ्री नंबर एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क 1800-233-1030, 1800-233-3663 भी जारी किए गए हैं।

### धान की अवैध खरीदी-बिक्री तथा परिवहन रोकने चेक पोस्ट बनाने के निर्देश

**बालोद,22 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा इस दौरान धान की अवैध खरीदी, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिले में आवश्यकतानुसार चेक पोस्ट बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड के मरकाटोला, डौण्डी एवं कुसुमकसा के मानपुर चैक में स्थित वन विभाग के नाकों के अलावा राजनांदगांव जिले के सीमा पर स्थित डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम रानीतराई में चेक पोस्ट बनाने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि धान की अवैध परिवहन आदि की सतत निगरानी की जा सके। श्रीमती मिश्रा ने इन सभी चेक पोस्टों में समुचित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर 24 घण्टा निगरानी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

### छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत जप्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव 22 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने पुलिस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर माहदा कॉलोनी नारी रोड उप्पलवाड़ी नागपुर महाराष्ट्र निवासी आकाश चौहान के स्वामित्व की जप्तशुदा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 49 बीजे 1691 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

### कलेक्टर अविनाश मिश्रा की पहल से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब और होगी आसान

# नगरी को मिली लाइब्रेरी की सौगात

**नगरी 22 नवंबर।** नगर पंचायत नगरी के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं वर्षों से राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर उपलब्धियाँ तो अर्जित करते रहे हैं, लेकिन अध्ययन संसाधनों और उचित वातावरण के अभाव में उनकी सफलता का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा है। युवाओं की इसी समस्या को समझते हुए धमतरी जिले के युवा और गतिशील कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने एक सराहनीय पहल की है, जिससे पूरे नगरी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में उत्साह और उमंग की लहर दौड़ गई है। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-7 स्थित सामुदायिक भवन के पास नवनिर्मित लाइब्रेरी भवन का आज भव्य शुभारंभ किया गया। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान फीता काटकर इस बहुप्रतीक्षित लाइब्रेरी का विधिवत लोकार्पण किया। कलेक्टर मिश्रा की इस दूरदर्शी पहल से नगरी जैसे आदिवासी वनांचल क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयुक्त वातावरण, अध्ययन सामग्री और शांत पुस्तकालय का लाभ मिलेगा। यह वही क्षेत्र है जिसने पूर्व में भी राज्य और केंद्र को अनेक योग्य प्रशासनिक अधिकारी दिए हैं। नई लाइब्रेरी के प्रारंभ होने से युवाओं की सफलता के अवसरों में निश्चित ही वृद्धि होगी। कलेक्टर अविनाश मिश्रा न केवल शिक्षा पर ध्यान दे रहे हैं, बल्कि क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। आगामी दिनों में नगरी के युवाओं को बॉक्स क्रिकेट मैदान की भी सौगात मिलने वाली है, जिसकी तैयारियाँ तेजी से चल रही हैं। इस खबर से खेल प्रेमी युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



लाइब्रेरी का उद्घाटन होते ही छात्र-छात्राओं द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। जिन विद्यार्थियों को पंजीयन कराना हो, वे सीधे लाइब्रेरी भवन पहुंचकर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं वार्ड पार्षद चेलेश्वरी साहू ने जिला कलेक्टर के इस महत्वपूर्ण और जनोपयोगी प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया है। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि कलेक्टर के नेतृत्व में शिक्षा, खेल और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से आदिवासी अंचल तीव्र गति से प्रगतिशील बनेगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अतिथिगणो में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय किसान मोर्चा मंत्री पिंकी शिवराज शाह, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सिरसिदा सरपंच नर्सिंग मरकाम, लोक निर्माण सभापति अश्विनी निषाद, देवचरण ध्रुव, विनीत कोठारी, चेलेश्वरी साहू, अलका साव, राजा पवार, डागेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, शंकर देव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत के CMO यशवंत वर्मा, इंजीनियर परमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, राजेंद्र साहू, पुष्कर पाटील तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बालोद, 22 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जिले के गुरूर एवं बालोद विकासखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर वहाँ के संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के मिर्रीटोला, कनेरी, गुरूर, धनोरा एवं बालोद विकासखण्ड के सांकरा क धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर वहाँ मूलभूत सुविधाओं की उलपब्धता किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए जाने वाले धान की गुणवत्ता, धान खरीदी केन्द्रों के संचालन हेतु नियुक्त किए गए अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति एवं उनके कार्यों का गहनता से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु आने वाले किसानों के लिए पेयजल, बैठक एवं छांव इत्यादि व्यवस्थाओं के अवलोकन के अलावा ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के लिए शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक तथा मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को केवल गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी करने के अलावा केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बालोद श्री नूतन कंवर, एसडीएम गुरूर श्री आरके सोनकर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री आरके राठिया, जिला खाद्य अधिकारी श्री तुलसी ठाकुर सहित तहसीलदार गुरूर श्री हनुमंत श्याम, तहसीलदार बालोद श्री आशुतोष शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

## अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बैकुंठ के द्वारा सुई-धागा प्रोजेक्ट का शुभारंभ

**तिल्दा-नेवरा 22 नवंबर।** तिल्दा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत जलसों (नकटी) में अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बैकुंठ (यूनिट-बैकुंठ सीमेंट वर्क्स )के तत्वाधान में सुई धागा प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया ?। यह प्रोजेक्ट एफएच (एच आर ) जितेन्द्र तनवार व एस एच (एच आर ) नितेश शर्मा के मार्गदर्शन में सी एस आर प्रमुख सोनाली गवारगुर के सानिध्य में किया गया । इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच अपने पति योगेन्द्र बघेल के साथ शामिल हुए । प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भी इन्हीं के करकमलों से की गयी। वहीं इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में शरीक हुए । उनकी चेहरे पर उल्लास उमंगता का भाव था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती , विश्वकर्मा देव की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप लोग 24 घंटे मे से 13 घंटा बाहर रहकर रोजी मजदुरी में समय देकर महज दो सौ से तीन सौ रूपये की कमाई करते हैं , उन्होंने कहा कि अगर आप लोग इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वावलंबी होकर कार्य करोगे तो अच्छा खास धन उपार्जन कर सकते हैं । वहीं सरपंच ने सुई धागा प्रोजेक्ट की शुभारंभ किये जाने पर प्रबंधन का आभार भी व्यक्त किया है । वहीं सी एस आर के अधिकारी सोनाली गवारगुर ने उद्बोधन के दौरान नवीन प्रोजेक्ट से मिलने वाली सुविधाएं ,कार्य एवं विस्तार पर प्रकाश डाला । इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाएं ने प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्सुक नजर आये ।



## शिविर में आरबीआई ने किया 142 खातों का एक करोड़ से अधिक राशि का समाधान

**बलौदाबाजार,22 नवंबर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार मे समाधान शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में 142 खाता की राशि 1 करोड़ 3 हजार रुपये के बिना दावा के समाधान किया गया। इस अवसर पर आरबीआई के डीजीएम अमरेन्द्र गुप्ता,अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक प्रतीक आनंद, एसबीआई प्रतिनिधि नितीन सिंघवी एवं समस्त बैंक, बीमा कंपनी के प्रबन्धक भी उपस्थित थे।डीजीएम अमरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि अधिक से अधिक निष्क्रिय खातों को सक्रिय करें। खातों से लेनदेन करते रहें । आरबीआई द्वारा निष्क्रिय खातों के राशि को खतधारको को भुगतान हेतु लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में जिन खातों का समाधान हुआ उनके खाताधारको को प्रमाण पत्र भी दिया गया। बताया गया कि जिले के विभिन्न बैंको एवं बीमा कंपनियों मे पछले दस वर्ष से अधिक समय तक लेनदेन नहीं करने वाले ग्राहकों की राशि भारतीय रिजर्व बैंक मे जमा है। इस राशि का भुगतान वास्तविक खाता धारकों या उनके वैध वारिसानो को करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया।



### अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर मानव श्रृंखला बनाई गई

**तिल्दा नेवरा 22 नवंबर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाई गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती रानी सौरभ जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 21, श्रीमती अनुराधा वर्मा भाजपा जिला ग्रामीण मंत्री, श्रीमती देवकी बाघमार मंडल उपाध्यक्ष ,श्रीमती नंदनी खीचारियां, श्रीमती बेबी गोस्वामी ,श्रीमती मंजू तिवारी, प्राचार्य श्रीवासुदेव साहू उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमती रानी सौरभ जैन ने कहा कि 7 नवंबर 2025 को वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पूरा हुआ। वंदे मातरम हमारा राष्ट्रीय गीत है ।इस वर्षगांठ को मनाने की पहल हमारे प्रधानमंत्री जी ने की है। आप सभी बच्चे देश के आने वाले भविष्य है और आप सभी के सहयोग से वंदे मातरम का 150 वर्षगांठ पूर्ण होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपने घर के आसपास एक पेड़ अवश्य लगाए । जिससे भविष्य में पर्यावरण को बचाया जा सके। हमें अपने आसपास, गांव, शहर, विद्यालय में साफ सफाई रखनी चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों से आगे कहा कि वह माननीय श्री प्रधानमंत्री जी की मन की बात अवश्य सुने ,इससे हमें बहुत ही महत्वपूर्ण देश-विदेश की जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने सभी से अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा तथा कहा कि इस विद्यालय में हमारी संस्कृति सिखाई जाती है। इस अवसर पर श्रीमती अनुराधा वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम गीत उस समय लोगों को अंग्रेजों से लड़ने के लिए प्रेरित करता था। इस विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलता है। श्रीमती अनुराधा वर्मा ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को पेन व चॉकलेट प्रदान की। उनके जन्मदिन पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भेंट प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त भैया - बहन एवं आचार्य- दीदियां उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### कुषिका बाघमारे का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ चयन



**डोंगरगढ़ 22 नवंबर।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव संकुल मेंढ़ा से कु.कुषिका बाघमारे का चयन कक्षा छठवीं हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए हुआ है। जिसमें विद्यालय परिवार व उनके गृह परिवार में खुशी का माहौल है ।कु.कुषिका बाघमारे मेंढ़ा निवासी जितेंद्र कुमार बाघमारे की पुत्री है जो शुरू से ही मेधावी रही है वह नियमित साइकिल चलाते हुए मेंढ़ा से शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में पढ़ने आती थी यह एक मिसाल है छात्र की नवोदय में चयन होने पर विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती मंजरी गजभिये, प्रेरणा स्रोत रही शिक्षक श्रीमती मनु ठाकुर तथा नवोदय कोच शिक्षक श्री कनक राम साहू ,विद्यालय परिवार के अध्यक्ष श्री अश्वनी कुमार साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवांगन सरपंच श्री मदन लाल देवांगन (नवागांवकोल्हापुरी)उप सरपंच ताराचंद सिंह जी ने उनके उज्जवल भविष्य की मनोकामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की है।

### स्टेट बार काउंसिल चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत तिवारी की जीत



**राजनांदगांव 22 नवंबर।** स्टेट बार काउंसिल के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने सम्मानजनक जीत हासिल की है। श्री तिवारी आज निर्धारित मतों का कोटा पूर्ण कर निर्वाचित घोषित किए गए हैं। वह लगातार दूसरी बार राज्य विधिज्ञ (अधिवक्ता) परिषद में चुने गए हैं। वे इससे पूर्व स्टेट बार काउंसिल के कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। राज्य विधिज्ञ (अधिवक्ता) परिषद के 25 सदस्यों के लिए गत 30 सितंबर को मतदान हुआ था और इसके लिए प्रदेश भर के 105 अधिवक्ता सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया था। मतगणना की प्रक्रिया 13 अक्टूबर को शुरू हुई जो वर्तमान में भी जारी है। नियमानुसार निर्धारित कोटा प्राप्त करने वाले प्रत्याशी निर्वाचित घोषित किए जाते हैं। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से 13000 से ज्यादा अधिवक्ताओं ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। राजनांदगांव जिले से भी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी के अलावा तीन अन्य अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किया था। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती के बाद जब द्वितीय मतों की गिनती चालू हुई तब कम मत पाने वाला अधिवक्ताओं को दौड़ से बाहर किया जाने लगा, इसमें राजनांदगांव जिले के बाकी तीनों अधिवक्ता भी चुनावी दौड़ से बाहर हो गए। श्री तिवारी को राज्य के प्रत्येक जिले से लगातार वोट मिलते रहे और उन्होंने आज निर्धारित वोट संख्या प्राप्त कर लिया और वे निर्वाचित घोषित किए गए। श्री तिवारी के निर्वाचित घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। श्री तिवारी को बधाई देने का तांता लगना शुरू हो गया। चयनित घोषित होने के बाद श्री तिवारी ने जिला न्यायालय राजनांदगांव परिसर स्थित हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद उन्होंने मां शीतला मंदिर माता देवालय पहुंचकर माता जी की पूजा अर्चना की। श्री तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि उनकी जीत में सभी अधिवक्ताओं का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने सदैव खड़े रहेंगे।

### एसआईआर के लिये अब तक 99 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रक वितरित



**बलौदाबाजार, 22 नवंबर।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) कार्यक्रम अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर -घर गणना पत्रक पहुंचाए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में 4 नवम्बर से बीएलओ के द्वारा गणना पत्रक वितरण का कार्य शुरू किया गया है। बीएलओ द्वारा 18 दिन में जिले के 940944 मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया गया है जो जो कुल मतदाताओं का 99.12 प्रतिशत है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में कुल 949277 मतदाता हैं जिसमें से अब तक 940944 मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किया जा चुका हैं जो कुल मतदाताओं का 99.12 प्रतिशत है। इसमें कसडोल विधानसभा अंतर्गत 385622 मतदाता, बलौदाबाजार विधानसभा के 295690 और भाटापारा विधानसभा के 262425 मतदाता शामिल हैं। एसआईआर कार्यक्रम के लिये जिले के करीब ढाई हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर- घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य, 9 दिसम्बर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन,9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्ति की अवधि,9 दिसम्बर से 31जनवरी 2026 तक नोटिस चरण एवं 7 फ़रवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने निरंतर कार्रवाई जारी

**बालोद, 22 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले में अवैध धान की खरीदी एवं बिक्री पर रोकथाम लगाने हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिससे की जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न होने के साथ-साथ केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके अंतर्गत आज कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष एवं एसडीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ धान के फुटकर व्यापारियों के गोदामों में पहुँचकर वहाँ रखे गए धान का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने फुटकर व्यापारियों के दुकान या गोदामों में कृषि उपज मंडी द्वारा जारी किए गए लाईसेंस के आधार पर निर्धारित मात्रा के अनुरूप एवं अधिक धान की उपलब्धता की जाँच की। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा एवं अधिकारियों ने विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर के वार्ड नंबर 03 में धान के फुटकर व्यापारी गंगाराम के गोदाम में पहुँचकर वहाँ रखे गए धान की जाँच की।

## मोदी ने गमछा लहराया और राहुल ने मछली पकड़ी

संपादकीय



फिल्म हो या राजनीति हो उसमें जो मेन किरदार होता है,उससे जनता प्रभावित होती है। अलग अलग किरदार अगल अलग ढंग से जनता को प्रभावित करते हैं। कोई अपने डायलाग से, कोई अपने खास एक्शन से, कोई अपनी शालीनता से, कोई अपनी आक्रामकता से,कोई अपने खास अंदाज से।जो भी बड़ा हीरो होता है,वह अपने खास अंदाज के कारण बडा़ हीरो होता है, सबसे अलग होता, अपने समय का सबसे लोकप्रिय सुपर स्टार, मेगा स्टार होता है। कहा जा सकता है कि उसके खास अंदाज के कारण जनता उसे पसंद करती है, उसकी पिक्चरें देखती हैं। उसकी पिक्चरें हिट होती हैं। फिल्मी क्षेत्र में हीरो की पिक्चर हिट होना और राजनीति में चुनाव जीतना एक जैसी बात है। बालीवुड में जिस हीरो की जितनी पिक्चरे हिट होती है,वह उतना ही बड़ा व सफल हीरो माना जाता है। इसी तरह राजनीति में जो नेता जितने चुनाव जीतता है, वह उतना ही सफल नेता व लोकप्रिय नेता माना जाता है। राजनीति में वैसे तो राज्यस्तर पर कई बड़े नेता हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर दो ही बड़े नेता माने जाते हैं। एक हैं पीएम मोदी और दूसरे हैं राहुल गांधी। दोनों ही नेता अपने क्रिया कलापों से लोगों से जुड़ते हैं और लोगों को अपने से जोड़ते हैं। जो ज्यादा लोगों को जोड़ सकता है, जो ज्यादा लोगों से जुड़ सकता है, वह चुनाव जीतता है। कोशिश तो राहुल गांधी भी करते हैं और पीएम मोदी भी करते हैं।चुनाव में जीत हार के आधार पर देखा जाए तो राहुल गांधी की तुलना में पीएम मोदी बहुत सफल हैं। पीएम मोदी केद्र की राजनीति में आने के बाद के तीन लोकसभा चुनाव में खुद जीते हैं और पार्टी को जिता चुके हैं। वही राहुल गांधी एक भी लोकसभा चुनाव पार्टी को नहीं जिता पाए हैं। चुनाव जिताने का रिकार्ड पीएम मोदी का विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव बहुत अच्छा है। वही राहुल गांधी का रिकार्ड उतना ही खराब है। आंकड़ों के मुताबिर बिहार चुनाव को मिलाकर राहुल गांधी नेता के तौर पर ९५ चुनाव हार चुके हैं। बिहार में एक तरफ पीएम मोदी व नीतीश कुमार थे तो दूसरी तरफ राहुल गांधी व तेजस्वी यादव थे।एक तरफ बुजुर्ग नेताओंकी जोड़ी और एक तरफ युवा नेताओं की जोड़ी। हुआ क्या पीएम मोदी व नीतीश कुमार की जोड़ी बिहार के लोगों को खुद से जोड़ सकी और उनसे जुड़ सकी और इसी का परिणाम है कि बिहार में ऐतिहासिक चुनाव परिणाम आया है। राजनीति में माना जाता है कि जो नेता जनता से कनेक्ट करता है, वह सफल होता है।इस मायने में पीएम मोदी व नीतीश कुमार जनता से ज्यादा कनेक्ट कर पाए. जनता का ज्यादा प्रभावित कर पाए, वहीं राहुल गांधी और तेजस्वी ऐसा नहीं कर पाए। बिहार चुनाव मे राहुल गांधी ने लोगों से कनेक्ट करने की कोशिश अपने तरीके से की तो पीएम मोदी ने अपने तरीके से की। राहुल गांधी ने तालाब में उतरकर मछली पकड़ने का प्रयास किया। इस बात की खूब चर्चा भी हुई।इसका चुनाव पर कोई असर नहीं हुआ।इसी तरह पीएम मोदी ने बिहार चुनाव में गमछा लहराकर लोगों से जुड़ने, उनकी भावना से जुड़ने का प्रयास किया।बिहार की संस्कृति से खुद को जोड़ा, लोगों को एहसास कराया कि मैं भी गमछाधारी हूं। मैं भी आपके जैसा हूं।बिहार में कई बेगुसराय की रैली व वहीं बने नए पुल पर पीएम मोदी ने पहली बार गमछा लहराया और समझ गए कि इसे बिहार के लोग पसंद करते हैं। उसके बाद कई जगह पीएम मोदी गमछा लहराते नजर आए और बिना कुछ कहे बिहार की जनता से जुड़ गए और वह संदेश दे दिया जो कहकर नहीं दिया जा सकता था। बिहार में गमछा परिधान नहीं, सम्मान, पहचान व संस्कृति का हिस्सा है। पीएम मोदी ने इसका जैसा उपयोग किया वह उनको दूसरे तमाम नेताओं से अलग करता है कि पीएम मोदी का जनता से जुड़ने का तरीका अलग है। वह कई तरह से जनता से जुड़ सकते हैं और उसको जोड़ भी सकते हैं।

# ‘आजम’ जेल जाएगा, यादव मलाई खाएगा’, अब नहीं चलेगा

राजनीति

संजय सक्सेना,लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी (सपा) दशकों से उस पार्टी के रूप में जानी जाती रही है, जिसे मुस्लिम और यादव गठजोड़ का मजबूत आधार मिला हुआ था। कहा जाता था कि एम-वाई यानी मुस्लिम-यादव समीकरण ही सपा की जीत की कुंजी है। मुलायम सिंह यादव के दौर में यह गठजोड़ बेहद मजबूत दिखता था। लेकिन वक्त के साथ इस संतुलन में बदलाव साफ दिख रहा है। आज सपा के अंदर और बाहर, दोनों ही जगह मुस्लिम समाज में यह चर्चा तेज है कि पार्टी में अब मुसलमानों की जगह केवल वोटर तक सीमित हो गई है, लीडरशिप में नहीं। मुस्लिम समाज में तेजी से यह धारणा बन रही है कि समाजवादी पार्टी का असली चरित्र यही है ’यादव मलाई खाएगा, ‘आजम’ जेल जाएगा’। यह बात कई जगह मुस्लिम मतदाताओं के बीच संवादों में दोहराई जा रही है, खासकर तब से जब आजम खान जैसे बड़े मुस्लिम नेता को पार्टी ने मुश्किल वक्त में अकेला छोड़ दिया। आजम खान, जिनका नाम कभी सपा के थिंक टैंक और मुस्लिम चेहरे के रूप में लिया जाता था, अब खुद और उनका परिवार कानूनी मुश्किलों में फंसा है, जबकि अखिलेश यादव या यादव परिवार से किसी ने खुलकर उनके समर्थन में एक मजबूत राजनीतिक रुख नहीं अपनाया। रमजान आलम, जो रामपुर के रहने वाले और आजम खान के पुराने समर्थक हैं, का कहना है, अखिलेश जी हमसे सिर्फ वोट चाहते हैं, हमारी आवाज नहीं। जब आजम साहब जेल में थे, तब उनकी पैरवी करने तक कोई यादव नेता नहीं आया। बस यादव मलाई खाए, यही सपा का फार्मूला है। इसी तरह, मुरादाबाद में एक मदरसे के प्रिंसिपल शकीलुर्रहमान ने कहा, अब मुसलमानों को इस्तेमाल की चीज नहीं बनना चाहिए। जो पार्टी हमारी बात नहीं सुनती, हमें नेतृत्व नहीं देती, उससे दूरी बनाना जरूरी है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अखिलेश यादव की राजनीति फिलहाल यादवों के केंद्र में सिमट चुकी है। सपा के संगठनात्मक ढांचे से लेकर विधान परिषद, विधानसभा और पार्टी के प्रवक्ताओं तक, हर जगह यादव चेहरों का दबदबा साफ देखा जा सकता है। इससे मुस्लिम समाज में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। एक समय था जब मुहम्मद आजम खान, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, कैसर जहां या इक़बाल महमूद जैसे नेता पार्टी के रणनीतिक निर्णयों में शामिल होते थे, आज उस स्तर पर कोई प्रभावशाली मुस्लिम नेता नहीं दिखता। लखनऊ के एक राजनीतिक विश्लेषक, फैजुल हसन ने कहा, अखिलेश की चिंता मुस्लिम मतदाताओं की नहीं, बल्कि उनके वोट की है। उन्हें पता है कि बीजेपी के डर से मुसलमान कहीं न कहीं उनके पक्ष में मतदान कर देंगे। लेकिन अब यह रणनीति काम नहीं करेगी क्योंकि नया मुस्लिम वोटर डर नहीं, प्रतिनिधित्व देखना चाहता है। दरअसल, बिहार में पिछले विधानसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता यह संकेत पहले ही दे चुके हैं। वहां मुस्लिम वोट बैंक ने तेजस्वी यादव की पार्टी राजद से दूरी बनाते हुए असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम को समर्थन देने की कोशिश की थी। ओवैसी की पार्टी को सीमांचल के कुछ क्षेत्रों में अच्छा वोट मिला, जो इस बात का संकेत था कि मुस्लिम समाज अब आवाज की राजनीति करना चाहता है, अंध समर्थन की नहीं। उसी तर्ज पर यूपी में भी अब मुसलमानों के भीतर यह सोच पनप रही है कि “मेरा वोट, तेरा अधिकार नहीं चलेगा।” यानी अब सपा को मुस्लिम समर्थन स्वतः नहीं मिलेगा, बल्कि उसे मेहनत कर भरोसा जीतना पड़ेगा। संभल के नौजवान मतदाता नदीम अंसारी कहते हैं, हम अब सिर्फ बीजेपी को हराने की रणनीति का हिस्सा नहीं बनेंगे। जो हमें हिस्सेदारी देगा, वही हमारा नेता होगा। अखिलेश जी ने आजम खान को छोड़कर बता दिया कि सत्ता में यादवों की सियासत ही असली प्राथमिकता है। दूसरी तरफ, सपा से जुड़े कुछ नेताओं का मानना है कि पार्टी में अब भी मुसलमानों को भरपूर सम्मान दिया जा रहा है। सपा के पूर्व विधायक अनीस खां कहते हैं, पार्टी में मुस्लिम और यादव दोनों बराबर के साथी हैं। कुछ लोग जानबूझकर समाज में भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। हालांकि, जमीनी हकीकत में कई मुस्लिम इलाके ऐसे हैं जहां यह असंतोष खुलकर दिख रहा है। गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने पिछले कुछ वर्षों में भाजपा की हिंदुत्व राजनीति के मुकाबले अपने को धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में पेश करने की कोशिश की है। लेकिन भाजपा से वैचारिक टकराव के बावजूद, उन्होंने मुस्लिम प्रतिनिधित्व को उस स्तर पर जगह नहीं दी, जैसी उम्मीद की जाती थी। 2022 के चुनाव में कई प्रत्याशियों की सूची देखकर ही मुस्लिम समुदाय के भीतर यह सवाल उठा था कि क्यों सपा ने इतने कम मुस्लिम उम्मीदवार दिए? यही कारण है कि पार्टी की धार्मिक-सामाजिक संतुलन की छवि अब कमजोर होने लगी है। राजनीतिक परिदृश्य में यह भी देखा जा रहा है कि पश्चिम यूपी और पूर्वांचल में मुस्लिम मतदाता छोटे-छोटे दलों और नए चेहरों की ओर झुकने लगे हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) हो या फिर एआईएमआईएम, इन दलों ने मुसलमानों के बीच यह संदेश फैलाया है कि सत्ता में हिस्सेदारी के बिना समर्थन का कोई अर्थ नहीं है। उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवी, डॉ. जाहिद हुसैन का कहना है, मुलायम सिंह के दौर में सपा को मुसलमानों ने परिवार की तरह माना क्योंकि उन्हें लगता था कि उनकी सुरक्षा और सम्मान इसी पार्टी से सुरक्षित है। लेकिन अखिलेश के दौर में वह भरोसा दरकने लगा है। जब आजम खान जैसा नेता पार्टी में उपेक्षित हो सकता है तो आम मुसलमान की अपेक्षा कौन सुनेगा? कुल मिलाकर यूपी की राजनीति में मुस्लिम समाज अब निर्णायक रूप से यह सोचने लगा है कि उनका वोट किसी एक पार्टी का स्थायी अधिकार नहीं है। यह वही मानसिक बदलाव है जो बिहार में पहले दिखा था। मुस्लिम समाज अब नेतृत्व, युवाओं की भागीदारी और वास्तविक प्रतिनिधित्व की मांग कर रहा है। भाजपा से भय दिखाने की सियासत अब असर खोने लगी है। जो संदेश इस समय मुस्लिम समाज से निकल रहा है, वह सीधा और स्पष्ट है सिर्फ वोट नहीं, सम्मान और नेतृत्व चाहिए। और जब तक यह भावना बनी रहेगी, तब तक समाजवादी पार्टी जैसे दलों को आत्ममंथन करना ही पड़ेगा।

### सू- दोकू क्र. 236

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.235 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। व्यवसाय में आपको लाभ मिलेगा। आप अपनी सेहत को लेकर सजग रहें। नौकरी में भी आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आप किसी अजनबी की बातों पर भरोसा न करें। परिवार के सदस्यों में आपसी प्रेम बना रहेगा। माताजी की सेहत में गिरावट आ सकती है, जिससे आपको भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी।

**वृषभ** आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। धन व प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी होगी। पारिवारिक मामले को भी आप मिल बैठकर निपटाएंगे। संतान की नौकरी को लेकर कोई समस्या थी, तो उसके भी दूर होने की संभावना है। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई जरूरी जानकारी सुनने को मिल सकती है। राजनीति में आपको किसी बड़े पद के न मिलने से थोड़ी निराशा होगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि किसी काम को भाग्य के भरोसे छोड़ेंगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप किसी नए घर मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने व्यवसाय में पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करनी होगी, क्योंकि इसमें आपको धोखा मिल सकता है।

**कर्क** आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। संतान के विवाह में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर हो सकती हैं। आपको सामाजिक कामों से जुड़ी कुछ जरूरी जानकारी मिल सकती है। आपके विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा। आज आपको कहीं व्यवसाय के काम को लेकर बाहर जाना पड़ सकता है।

**सिंह** आज का दिन आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको धन लाभ मिलने से खुशी होगी और परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आपको कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। आपकी महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी और आप अपने कुछ फिजूल के खर्चों को कम भी करने की पूरी कोशिश करेंगे। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। परिवार में आपसी प्रेम बढ़ेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलने से खुशी होगी, लेकिन आप परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। कुछ संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें।

**तुला** आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा, लेकिन आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें और बेवजह छोटी-छोटी बातों को लेकर क्रोध न करें, नहीं तो इससे परिवार के सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं और कार्य क्षेत्र में भी कोई जिम्मेदारी भरा काम आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगा। आपको अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके कुछ नया करने के प्रयास बेहतर रहेंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करके चलने के लिए रहेगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा और आप आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। संतान के प्रति आप अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह निभाएंगे। कार्यक्षेत्र में भी मन मुताबिक काम मिलने से आपको खुशी होगी। आपके किसी बात को लेकर माताजी आपसे नाराज हो सकती हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायी रहने वाला है, लेकिन फिर भी आप अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचान कर ही आगे बढ़े। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आर्थिक दृष्टिकोण से लिए गए फैसलों के लिए पछतावा होगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। यदि आप कोई निवेश करना चाहते हैं, तो वह लंबे समय के लिए करेंगे, तो भी आपको बेहतर लाभ मिल सकेंगे।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप अपनी प्रॉपर्टी की यदि किसी डील को लेकर परेशान थे, तो वह भी फाइनल हो सकती है। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**कुंभ** आज आपको लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपके काम भी बढ़ेंगे, जिनसे कार्य क्षेत्र में आपको प्रमोशन मिल सकता है, लेकिन आपको अपने पद का गलत इस्तेमाल नहीं करना है, इसलिए आप गलत तरीके से धन कमाने से बचें। आपको अपने विरोधियों को पहचान कर चलना होगा और अपनी आय और व्यय भी में संतुलन बनाकर चलें, जिससे आपके फिजूल के खर्चे कंट्रोल हो सके।

**मीन** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस के काम में आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको किसी लड़ाई झगड़े से दूर रहना होगा और आप अपने आस पड़ोस में रह रहे लोगों से मित्रता बनाए रखें। किसी से किसी बात को लेकर बहस बाजी न करें। आपके किसी रुके हुए काम के पूरा होने से आपके मन में खुशियां बढ़ेंगी। आप कुछ नया करने की सोचेंगे। दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

## जंगल में मंगल

# भारत में जन्मी मादा चीता ने जन्मे 5 शावक,भारतवंशी हुए चीते

प्रमोद भार्गव



मध्यप्रदेश के श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत की धरती पर जन्मी मुखी नाम की मादा चीता ने 5 शावकों को जन्म देकर पूर्णतः भारतवंशी चीतों का बुनियाद रख दी है.यह देश में चीता पुनर्वास परियोजना में नए अध्याय की शुरुआत है.अभी तक नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लाइ गई मादा ने ही चीता शावकों को जन्म दिया है. 32 माह की मुखी और शावक स्वस्थ हैं . इस खुशखबरी के मिलने पर केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि यह सिर्फ एक जन्म नहीं,बल्कि पूरी परियोजना का आत्मविश्वास बढ़ाने वाला मोड़ है.कूनो में मादा चीता ज्वाला दो बार मां बन चुकी है,जिसने मुखी समेत अनेक शावकों को जन्म दिया है. अब मुखी के मां बनाने के बाद कूनो में एक साथ तीन पीढियां अठखेलियां करने लग गई हैं.भारत अब कुल 32 चीते है,जिनमें से 21 यहीं जन्में हैं.इनमें तीन चीते गांधीसागर अभ्यारण्य में चहलकदमी कर रहे हैं.17 सितम्बर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कूनो में चीता पुनर्स्थापना परियोजना का शुभारंभ किया गया था.

नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्यप्रदेश के कूनो राश्ट्रीय उद्यान में प्रधानमंत्री ने छोड़ा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते और लाकर छोड़े गए थे। नई धरती और जलवायु परिवर्तन के चलते इन चीतों को आरंभ में यहां के मौसम से तालमेल बिठाने में दिक्कतें आईं। नतीजतन छह वयस्क और यहीं पैदा हुए चार शावकों में से तीन की मौतें भी हुईं थीं, इस कारण परियोजना पर सवाल भी खड़े किए गए थे। दक्षिण अफ्रीका से लाकर बसाए गए 12 चीतों को 18 फरवरी 2024 को दो साल पूरे हो हुए थे, इस अवधि में इन चीतों की मृत्यु दर में कमी ने परियोजना की सफलता के प्रथम लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था। इनकी जीवित रहने की दर शुरुआत में नामीबिया से लाए चीतों से बेहतर रही थी। दक्षिण अफ्रीका से आए 12 चीतों में से 33.3 प्रतिशत की मौत हुई,जबकि नामीबिया से लाए गए चीतों में से 37.5 प्रतिशत चीतों की मौत हुई। अफ्रीका से लाई गई तीन मादा चीताओं ने अब तक 12 शावकों को जन्म दिया है। ये चीते अब भारतीय परिवेश में न केवल पूरी तरह ढल गए हैं,बल्कि नए घर कूनो में आबादी बढ़ा रहे हैं। नए आवास स्थलों में 50 फीसदी चीतों की मौत को सामान्य माना जाता है। य था जब चीते की रफ्तार भारतीय वनों की शान हुआ करती थी। लेकिन 1947 के आते-आते चीतों की आबादी पूरी तरह लुप्त हो गई। 1948 में अंतिम चीता छत्तीसगढ़ के सरगुजा में देखा गया था। जिसे मार गिराया गया था। चीता तेज रफ्तार का आश्चर्यजनक चमत्कार माना जाता है। अपनी विशिष्ट एवं लोचपूर्ण देहयष्टि के लिए भी इस हिंसक वन्य जीव की अलग पहचान थी। शरीर में इसी चपलता के कारण यह जंगली प्राणियों में सबसे तेज दौड़ने वाला धावक है। बीती सदी में चीतों की संख्या एक लाख तक थी, लेकिन अफ्रीका के खुले घास वाले जंगलों से लेकर भारत सहित लगभग सभी एशियाई देशों में पाया जाने वाला चीता अब पूरे एशियाई जंगलों में गिनती के रह गए हैं। राजा चीता (एसिनोनिक्स रेक्स) जिम्बाब्वे में मिलता है। अफ्रीका के जंगलों में भी गिने-चुने चीते रह गए हैं। तंजानिया के सेरेंगती राष्ट्रीय उद्यान और नामीबिया के जंगलों में गिने-चुने चीते हैं। प्रजनन के तमाम आधुनिक व वैज्ञानिक उपायों के बावजूद जंगल की इस फुर्तीली नस्ल की संख्या बढ़ाई नहीं जा पा रही है। यह प्रकृति के समक्ष वैज्ञानिक दंभ की नाकामी है। जूलॉजिकल सोसायटी आफ लंदन की रिपोर्ट को मानें तो दुनिया में 91 प्रतिशत चीते 1991 में ही समाप्त हो गए थे। अब केवल 7100 चीते पूरी दुनिया में बचे हैं। एशिया के ईरान में केवल 50 चीते शेष हैं। अफ्रीकी देश केन्या के मासीमारा क्षेत्र को चीतों का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब इनकी संख्या गिनती की रह गई है। ऐसे में भारत में चीतों की वंशवृद्धि दुनिया के लिए खुशखबरी है।



बीती सदी के पांचवें दशक तक चीते अमरीका के चिड़ियाघरों में भी थे। प्राणी विशेषज्ञों की अनेक कोशिशों के बाद इन चीतों ने 1956 में शिशुओं को जन्म भी दिया, परंतु किसी भी शिशु को बचाया नहीं जा सका। चीते द्वारा किसी चिड़ियाघर में जोड़ा बनाने की यह पहली घटना थी, जो नाकाम रही। जंगल के हिंसक जीवों का प्रजनन चिड़ियाघरों में आश्चर्यजनक ढंग से प्रभावित होता है, इसलिए शेर, बाघ, तेंदुए व चीते चिड़ियाघरों में जोड़ा बनाने की इच्छा नहीं रखते हैं। भारत में चीतों की अंतिम पीढ़ी के कुछ सदस्य बस्तर-सरगुजा के घने जंगलों में थे, जिन्हें 1947 में देखा गया था। प्रदेश अथवा भारत सरकार इनके संरक्षण के जरूरी उपाय करने हेतु हरकत में आती, इससे पहले ही चीतों के इन अंतिम वंशजों को भी शिकार के शौकीन राजा-महाराजाओं ने मार गिराया और भारतीय चीतों की नस्ल पर पूर्ण विराम लग गया था। कूनो के बाद अब मध्य प्रदेश में मंदसौर जिले के गांधीसागर अभ्यारण्य में चीतों का नया कुनबा बसा दिया है। यहां फ़िलहाल तीन चीते हैं। हमारे देश के राजा-महाराजाओं को घोड़ों और कुत्तों की तरह चीते पालने का भी शौक था। चीता शावकों को पालकर इनसे जंगल में शिकार कराया जाता था। राजा लोग जब जंगल में आखेट के लिए जाते थे, तो प्रशिक्षित चीतों को बैलगाड़ी में बिठाकर साथ ले जाते थे। इनकी आंखों पर पट्टी बांध दी जाती थी, जिससे यह किसी मामूली वन्य जीव पर न झपटे। जब शिकार राजाओं की दृष्टि के दायरे में आ जाता था, तो चीते की आंखों की पट्टी खोलकर शिकार की दिशा में हाथ से इशारा कर दिया जाता था। पलक झपकते ही शिकार चीते के जबड़े में होता। शिकार का यह अद्भुत करिश्मा देखना भी एक आश्चर्यजनक रोमांच की बात रही होगी ?

## एक नजर

### कलेक्टर ने किया नरहरपुर, अमोड़ा व चवांड़ धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण



**कांकेर 22 नवम्बर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज तहसील मुख्यालय नरहरपुर सहित चवांड़ तथा अमोड़ा के धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों में जरूरी मूलभूत सुविधाएं, किसानों को टोकन का आबंटन और धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। धान उपार्जन केन्द्र नरहरपुर में उन्होंने किसानों से चर्चा की इस दौरान कृषकों ने बारदाने की कमी की बात कही। इस पर कलेक्टर ने पुराने बारदानों की व्यवस्था तत्काल करने के निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए। इसी तरह अमोड़ा में धान बेचने आए किसानों के लिए पेय जल की व्यवस्था करने के निर्देश समिति प्रबंधक को देते हुए कहा कि किसानों हितों को सर्वोपरि रखते हुए केंद्रों में छाया, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम चवांड़ के धान खरीदी पहुंचे जहां पर स्थानीय सरपंच द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। साथ ही किसानों की मांग पर खरीदे गए धान की समुचित सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग कराने के लिए प्रबंधक को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कांकेर श्री अरुण वर्मा, खाद्य निरीक्षक श्री जे.जे. नायक, जिला विपणन अधिकारी सहित मैदानी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### बस्तर कमिश्नर ने एसआईआर संबंधी कार्यों का किया निरीक्षण

**कांकेर, 22 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य आगामी 04 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसी क्रम में बस्तर संभाग के संभागायुक्त श्री डोमन सिंह ने आज जिले में एसआईआर के तहत फार्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति जानने मतदान केन्द्र नंदनमारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से अब तक किए गए सत्यापन की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही संबंधित ईआरओ को निर्धारित समय-सीमा में सम्पूर्ण सत्यापन का कार्य पूरी सावधानी व सर्तकता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके पहले उन्होंने इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की आंतरिक बैठक में शामिल होकर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा, तहसीलदार पुष्पराज पात्र सहित राजस्व विभाग एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान 26 नवम्बर तक वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने की नई पहल

**कांकेर, 22 नवम्बर।** जिले में माओवाद प्रभावित आदिवासी बाहुल्य व दुर्गम पहुंचविहीन भौगोलिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शाला त्यागी विद्यार्थियों को शिक्ष से जोड़ने नई पहल की जा रही है। इसके तहत जिले में अनुरोध कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा शाला त्यागी व अप्रवेशी बच्चों का चिन्हांकन ग्राम स्तर पर आज से 26 नवम्बर के बीच किया जा रहा है। उक्त अवधि में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ऐसे बच्चों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, जिसे ''अनुरोध कार्यक्रम शाला त्यागी मुक्त ग्राम'' अभियान नाम दिया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में बोर्ड परीक्षा की तैयारी, बच्चों का आपार आईडी, यूडाईस की प्रविष्टि, उपचारात्मक शिक्षण जैसे कार्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सम्पादित किये जा रहे हैं। छात्रों की विद्यालयों में नियमित उपस्थिति तथा उनकी विद्यालय में निरंतरता बनाये रखने के लिए सतत् निरीक्षण भी किया जा रहा है।

### कोचियों को घर पर शराब पहुंचाई जा रही

# निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जा रही शराब



**किरन्दुल-बचेली, 22 नवम्बर ।** लौह नगरी किरन्दुल/बचेली के देशी विदेशी शराब दुकान मे निर्धारित दाम से ज्यादा कीमत पर शराब बेचने की लगातार शिकायते मिल रही है । आबकारी अधिकारी को शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आबकारी अधिकारी के संरक्षण में ही इस तरह का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। आए दिन ग्राहको तथा शराब दुकान चलाने वालों के बीच झगड़ा विवाद भी होता रहता है। नगर मे अवैध रूप से घरो एवं झुग्गियों मे रखकर शराब बेचने वालो की संख्या भी दिन व दिन बढ़ती ही जा रही है । कोचियों को दुकान से शराब की खेप पहुंचा कर दिया जा रहा है । किरन्दुल के विदेशी शराब दुकान से रॉयल स्टेग का हाफ बोतल लेकर लौट रहे एक व्यक्ति ने बताया की बोतल मे प्रिंट रेट को मिटाकर तय कीमत 420 से अधिक दर 450 मे शराब बेचा जा रहा है तथा एक अन्य व्यक्ति ने बताया की ओल्ड मोंक की क्वार्टर बोतल पर निर्धारित कीमत 280 के जगह सेल्समेन द्वारा 320 रुपए मांगा गया। जब ग्राहक ने शासन के मदिरा ऐप (मनपसंद) का हवाला देकर ओल्ड मोंक की क्वार्टर बोतल का मूल्य दिखाकर दर के संबंध मे प्रश्न किया तो सेल्समेन द्वारा उक्त ऐप को फर्जी करार देते हुये मूल्य 320 होना बताया एवं ग्राहक से अभद्र व्यवहार भी किया गया । मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा जिले के सभी विदेशी मदिरा दुकानों पर शराब के तय कीमत से अधिक मूल्य जैसे क्वार्टर बोतल पर 20 से 40 रु0 हाफ बोतल पर 50 से 100 रु0 तथा फूल बोतल पर 100 से लेकर 200 रु0 तक अधिक कीमत वसूल की जा रही है वही दूसरी ओर लगातार बड़ी मात्रा मे ज्यादा मांग वाली ब्रांड के शराब की खेप कोचियों को पहुचाई जा रही है और दूसरी ओर सामान्य ग्राहकों को ब्रांड की अनुपलब्धता बताई जाती है। बता दे कि कोचियों को शराब सप्लाई करके शराब दुकान के मैनेजर तथा कर्मचारी प्रति माह लाखो रु0 की कमाई करते है । जितना ज्यादा शराब की खेप कोचिया उठाएगा उतना ज्यादा फायदा शराब दुकान चलाने वाले लोगों को होगा । इसलिए इनका पूरा जोर कोचियों को शराब की पूर्ति करने पर होता है । कोचीए इन्ही शराब की बोतल को ज्यादा कीमत पर लोगो को बेचते हैं । जिला आबकारी अधिकारी को कई दफा इसकी शिकायत भी की जा चुकी है परंतु शराब दुकान के मैनेजर तथा कर्मचारियो पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही । शराब दुकान के मैनेजर तथा सेल्समेन निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेच ग्राहकों को लूट रहे हैं और लाखो की अवैध कमाई कर रहे हैं।

# देवजी ने हिड़मा और उसके साथियों की बलि चढ़ा दी: मनीष कुंजाम



**सुकमा, 22 नवंबर ।** विगत 18 नवंबर को छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश की बॉर्डर पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के जवानों ने 6 नक्सलियों को ढेर कर दिया. इसमें झीरम घाटी नरसंहार समेत 26 बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड हिडमा ढेर हो गया. इसके बाद अब हिडमा की मौत पर सियासत शुरू हो गई है. वहीं कम्युनिस्ट नेता मनीष कुंजाम ने बड़े नक्सली नेता देवजी पर बड़े आरोप लगाए हैं।

मनीष कुंजाम ने कहा है कि सबसे बड़े नक्सली नेता देवजी ने हिडमा और उसके साथियों की बलि चढ़ा दी। पोलित ब्यूरो सदस्य देवजी हिडमा और उसके साथियों को लेकर आंध्रप्रदेश गया. जहां हिडमा, उसकी पत्नी और 13 लोगों का एनकाउंटर कर दिया गया. वहीं बस्तर के 50 नक्सलियों की गिरफ्तारी दिखा दी गई. इस खेल के पीछे नक्सली नेता देवजी ही है।

कुंजाम ने बस्तर के देवजी और एर्रा जैसे बाकी नक्सलियों से अपील की है कि वो वापिस मुख्यधारा में लौट आएं। समर्पण करने वो नक्सली आंध्र या तेलंगाना ना जाकर छत्तीसगढ़ में ही समर्पण करें।वहीं नक्सली कमांडर हिडमा समेत 6 नक्सलियों के मारे जाने के बाद नक्सलियों ने बड़ा फैसला लिया है. नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने पत्र जारी कर 23 नवंबर को प्रतिरोध दिवस मनाने का ऐलान किया है. साथ ही कई आरोप भी लगाए हैं।

# हाफ बिजली बिल का दायरा बढ़ाए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री के संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रमाण: चैतराम अटामी



**जगदलपुर, 22 नवंबर ।** विधायक चैतराम अटामी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बिजली बिल हाफ योजना के दृष्टिगत की गई घोषणा का स्वागत कर इसके लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। विदित रहे, मंगलवार को विधानसभा के पुराने भवन में आहूत विशेष समापन सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री श्री साय से हाफ बिजली बिल को लेकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया, जिस पर श्री साय ने विधानसभा में यह घोषणा की।विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल की घोषणा से 45 लाख से 'यादा परिवार इससे लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ी राहत दी है। नई योजना के लागू होने पर अब 200 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को सीधे आधा बिल देना होगा। श्री अटामी ने हाफ बिजली बिल का दायरा बढ़ाए जाने की इस घोषणा को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय व उनकी सरकार के संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रमाण निरुपित किया और कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता-जनार्दन के सभी प्रकार के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। श्री साय की इस घोषणा से प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

### कांग्रेसी एसआईआर में आपसी समन्वय बनाकर काम करें:रेखचंद

**जगदलपुर, 22 नवंबर ।** एसआईआर के एआईसीसी ऑब्जर्वर रेखचंद जैन ने बस्तर जिला कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकावंड कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला वरिष्ठ नेता नेता जानकीराम सेठिया ब्लॉक कांग्रेस शिवराम बिसाई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करपवांड अध्यक्ष सोनाधर बघेल, हेमू उपाध्याय, परमजीत जसवाल वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपस्थिति में बीएलए की बैठक लेकर मतदाता गहन पुनिरीक्षण कार्य में अपने क्षेत्रों में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का सादर निवेदन किया।

### सिविल सेवा परीक्षाओं में सफल दिव्यांग परीक्षार्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**कांकेर 22 नवम्बर ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा 40 प्रतिशत या इससे अधिक की दिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यागजनों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत संघ व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने वाले दिव्यांग परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जाएगा। इस संबंध में उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि संघ व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में आयोजित प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होने पर एकमुश्त राशि 20 हजार रूपए और मुख्य परीक्षा में चयन होने पर एकमुश्त 30 हजार रूपए तथा अंतिम रूप से चयनित होने पर उन्हें 50 हजार रूपए की एकमुश्त राशि का लाभ दिया जाता है।

## समाचार संक्षेप

### पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर, 22 नवंबर ।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम करमरी भाटागुड़ा में बीती रात एक पति ने पत्नी के साथ हुए विवाद पर उसके सिर पर डंडे से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस को जैसे ही जानकारी मिली, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, वही शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करमरी भाटागुड़ा में रहने वाला रेंगा बघेल 37 वर्ष जो दिन भर कोई काम नही करते हुए घूमते रहता था, वही उसकी पत्नी पुरनी बघेल उर्फ पूर्णिमा 29 वर्ष कुली मजदूरी का काम करती थी। गुरुवार की रात हमेशा की तरह दोनों पति पत्नी में खाना को लेकर फिर विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद रेंगा ने गुस्से में आकर घर के अंदर रखे डंडे से पुरनी के सिर पर वार कर दिया, इस घटना में पुरनी की मौके पर ही मौत हो गई, वही महिला की चीख पुकार को सुनकर दूसरे कमरे में सो रहे बच्चे व परिजन भी मौके पर आ पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। आज शुक्रवार सुबह परिजनों ने बस्तर थाना बस्तर थाना पंहुचकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आज आरोपी रेंगा बघेल को गिरफ्तार कर लिया ।

### तेजी से घट रहा बस्तर में तीखुर का रकबा



**जगदलपुर, 22 नवंबर ।** औषधि तीखुर की कीमत 700 रुपए के ऊपर चली गई है। बस्तर में तीखुर का रकबा तेजी से घटा है। यहां के लोग अब दूसरे क्षेत्र की तरफ धान और मक्का की फसल ज्यादा लेने हैं इसलिए परंपरागत तीखुर की खेती सिमट कर रह गई है। इस दिशा में वन और उद्यानिकी विभाग ध्यान दे रहा है और न ही कृषि विभाग। गौरतलब है कि बस्तर के तीखुर को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। औषधि गुणों से परिपूर्ण तीखुर का उपयोग आमतौर पर लोग तीज त्योहारों और व्रतों में ज्यादा करते हैं।बेच रहे पर बढ़ा नहीं रहे-छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ बाकायदा की तीखुर की पैकेजिंग कर मार्केटिंग करता है, लेकिन वन विभाग स्वयं तीखुर संवर्धित की दिशा में कोई प्रयास नहीं कर रहा है। कुछ वर्षों से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत शहीद गुंडाधुर कृषि एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर तीखुर की विभिन्न प्रजातियों को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। यह प्रशंसनीय है, किंतु कृषि और उद्यानिकी विभाग इस दिशा में पूरी तरह उदासीन है।

### बस्तर में तेजी से विलुप्त हो रहे सल्फी के वृक्ष

**जगदलपुर।** आदिवासियों का कल्प वृक्ष कहा जाने वाला सल्फी पेड़ का अस्तित्व खतरे में है। दरअसल फिजेरियम ऑक्सीएक्सोरम नामक फंगस के कारण सल्फी के पेड़ मर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने शोध कर इसका समाधान निकाला है पर ग्रामीण इसे बचा नहीं पा रहे हैं। सल्फी पेड़ को नहीं बचा पाने का कारण अधिकतर ग्रामीणों को इसके उपाय की जानकारी नहीं है, इसके कारण अब ग्रामीणों का सल्फी के पौधे लगाने में मोह भंग हो गया।उल्लेखनीय है कि सल्फी के पेड़ों से निकलने वाली रस से ग्रामीणों को अच्छी खासी आमदनी होती थी, लेकिन फंगस ने ग्रामीणों की आय को छिन लिया। करीब दो दशक पहले तक बस्तर के हर गांव में घर की बाड़ियों में बड़ी संख्या में सल्फी के पेड़ नजर आते थे। ग्रामीण सल्फी रस को नशे के रूप में सेवन करते हैं। व एक सल्फी पेड़ से करीब 15 साल बाद रस निकलना शुरू होता है और करीब 25 साल तक जारी रहता है। एक पेड़ से हर साल करीब 25 से 30 हजार रूपए की आमदनी होती है। यही कारण था कि ग्रामीण बच्चों की तरह सल्फी के पौधे का जतन करते थे।बस्तर के ग्रामीण अब सल्फी के पौधे के जगह छिंद के पौधे लगा रहे हैं। अब बस्तर में सल्फी के रस के लगह छिंद रस की चलन बढ़ती जा रही है। छिंदपेड़ से ग्रामीण अब सालभर रस निकाल रहे हैं। यही कारण है कि अब ग्रामीण खेतों के मेड़ में हर साल बहुतायत में छिंद के पौधे का रोपण करने लगे हैं।

### आकांक्षी कार्यक्रम की संयुक्त सचिव ने की समीक्षा

**जगदलपुर।** नीति आयोग द्वारा नियुक्त बस्तर जिले के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त सचिव शोभित जैन ने आज शुक्रवार को बस्तर आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में ली। बैठक में कलेक्टर हरिस एस ने जिले और ब्लॉक में आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और दिक्कतों के संबंध में भी अवगत करवाया। संयुक्त सचिव जैन ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय चयनित इंडिकेटर्स की वर्तमान स्थिति, क्रियान्वयन और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों के लक्ष्यों की समीक्षा की।उन्होंने ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इंडिकेटर्स की प्रगति में तेजी लाते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### निरीक्षण



### कलेक्टर ने परचनपाल में किया एसआईआर का निरीक्षण

**जगदलपुर, 21 नवंबर ।** लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए एक त्रुटिहीन तथा पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)प्रक्रिया का औचक निरीक्षण बस्तर जिओ

### बाल विवाह मुक्त अभियान उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**कांकेर, 22 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2028-29 तक सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाए जाने के लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई।

उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि सभी को सम्मिलित रूप से समन्वित प्रयास करते हुए जिले को बाल विवाह जैसी कुरीतियों से मुक्त करना है। उन्होंने इसके लिए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जनजागरुकता अभियान चलाये जाने के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यकम अधिकारी श्री विपिन जैन ने जिले को बाल विवाह मुक्त कराने में सहयोग करने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि कांकेर जिले में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत् अब तक लगभग 50 ग्राम पंचायतों की बाल विवाह मुक्त घोषित कराये जाने हेतु प्रस्ताव पारित कराया गया है।

# नक्सलियों ने पर्चा जारी कर हिड़मा के मुठभेड़ को झूठी और मनगढ़ंत कहानी बताया

**जगदलपुर, 22 नवंबर ।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन ने प्रवक्ता अभय के नाम से पर्चा जारी कर हिड़मा के मुठभेड़ को पुलिस की झूठी और मनगढ़त कहानी बताया है। पत्र में नक्सलियों का कहना है कि हिड़मा बीमार था और इलाज के लिए विजयवाड़ा गया हुआ था, लेकिन इस जानकारी के लीक होने के बाद 15 नवंबर को पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद आंध्र प्रदेश पुलिस हिड़मा को अल्लुरी सितारामा राजू जिले के मारेडुमिल्ली इलाके ले गई और 18 नवंबर को उसकी हत्या कर दी गई। हिड़मा के साथ उसकी पत्नी राजे समेत कुल 6 लोगों की हत्या की गई। नक्सलियों ने यह भी कहा कि पुलिस ने मुठभेड़ की झूठी कहानी गढ़ी है। इसके अलावा 19 नवंबर को 7 लोगों के मुठभेड़ को भी झूठा बताया गया है।नक्सली अभय के नाम से जारी पत्र में लिखा हुआ है कि इस मुठभेड़ को लेकर 23 नवंबर को देशव्यापी प्रतिरोध दिवस दिवस मनाया जाएगा। यह भी लिखा है कि हिड़मा को एक खलनायक के रूप में दिखाया जा रहा है, झूठा प्रचार किया जा रहा है। इसके अलावा युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रीति मांझी एक विवादित सोशल मीडिया स्टोरी शेयर करने के बाद राजनीति के केंद्र में आ गई हैं। उन्होंने नक्सली कमांडर माड़वी हिडमा के लिए ÷लाल सलाम कामरेड हिड़मा लिखी हुई स्टोरी शेयर की थी। इस पर राजनैतिक दलों ने कड़ी आपत्ति जताई। विवाद बढ़ने पर प्रीति मांझी ने कहा कि उनकी पोस्ट का गलत अर्थ निकाला गया है और उनका उद्देश्य किसी नक्सली या हिंसा का समर्थन करना नहीं था, बल्कि आदिवासी क्षेत्रों के संघर्ष की ओर ध्यान आकर्षित करना था।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वे गांधीवादी विचारधारा की हैं, संविधान का समर्थन करती हैं और नक्सलवाद का पुरजोर विरोध करती हैं।

हत्यारा और आतंक का पर्याय था हिड़मा-वहीं कांग्रेस ने इस मामले पर कहा कि पार्टी के लिए हिड़मा एक हत्यारा और बस्तर में आतंक का पर्याय था। संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने झीरम कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हिड़मा के कारण अपनी एक पूरी पीढ़ी खो दी थी, इसलिए पार्टी की उससे कोई संवेदना नहीं है। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा की गई पोस्ट उसका निजी दृष्टिकोण हो सकता है, लेकिन कांग्रेस का रुख नक्सलवाद और हिंसा के खिलाफ हमेशा कठोर रहा है। प्रीति मांझी ने भी दोहराया कि वे चाहती हैं कि नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें और कांग्रेस भी ऐसी पहल का समर्थन करती है।

# बीमा क्लेम रिजेक्ट, अब कैंसर पीड़ित को कंपनी देगी एक लाख 20 हजार

**जगदलपुर, 22 नवंबर ।** जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनियों के टालमटोल रवैये पर करारा रूख दिखाते हुए निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को एक कैंसर पीड़ित की पत्नी को 1 लाख रुपए चिकित्सा व्यय के साथ-साथ मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ऋण प्रदाता बजाज फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को भी सहयोग न करने के लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया।दरअसल जगदलपुर निवासी अर्जुन बिसाई ने बजाज फाइनेंस से ऋण लेते समय निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के साथ बीमा पॉलिसी कराई थी। बीमा अवधि के दौरान अर्जुन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो गई, जिसके इलाज में भारी खर्च हुआ। दावे के बाद उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। पत्नी रुक्मणी बिसाई नै बीमा कंपनी के समक्ष इलाज व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने आवश्यक दस्तावेज न देने का हवाला देकर इसे खारिज कर दिया, जिसके बाद रुक्मणी ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज की। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि अर्जुन ने सभी जरूरी दस्तावेज समय पर जमा कर दिए थे।

# व्यापमं की अमीन भर्ती परीक्षा में 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल, दिशा-निर्देश जारी

**जगदलपुर, 22 नवंबर ।** छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। व्यापमं द्वारा 16 जिलों में 7 दिसम्बर 2025 को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं।

यह परीक्षा 16 जिलों के चयनित परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है। तथापि इस परीक्षा में राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। जगदलपुर बस्तर में 60 परीक्षा केन्द्र में 15908 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय 12 बजे से दोपहर 2.15 तक है । व्यापमं ने परीक्षा में शामिल होने वाले सभी जिले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका क्रिस्किंग (स्न्नहद्धह्यद्मद्धठ्ठद्द) एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि यह परीक्षा मध्यान्ह 12 बजे से प्रारंभ हो रहा है अतः मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आयें। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। ठण्ड के मददेनजर केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) पहनने की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन लेकर ही आयें।

### धरमजयगढ़ के पीपरमार गोदाम में 12 लाख रुपए से अधिक का 400 क्विंटल अवैध धान जब्त

# कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर बड़ी कार्रवाई





रायगढ़, 22 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने तथा अवैध भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आज तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-पीपरमार में 400 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई। जिसकी कुल राशि लगभग 12 लाख 40 हजार रुपए होगी। यह कार्रवाई एसडीएम धरमजयगढ़ श्री प्रवीण भगत के नेतृत्व में संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

एसडीएम धरमजयगढ़ श्री भगत ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ग्राम-पीपरमार गोदाम में मुकेश अग्रवाल अधिसूचित कृषि उपज के स्वामी जितेन्द्र अग्रवाल के पास 400 क्विंटल अवैध धान भंडारित पाया गया। जिसें जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में शासन एवं कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अनुविभागीय स्तर पर गठित टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मण्डी निरीक्षक घरघोड़ा श्री नारायण दास मौजूद रहे।

## प्रभारी सचिव ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

### घरघोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



रायगढ़, 22 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार प्रदेश में नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में जिले के प्रभारी सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री रजत कुमार ने आज जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं, उपलब्ध संसाधनों एवं उपचार प्रक्रियाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया तथा स्वास्थ्य केंद्र को उत्कृष्ट एवं मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी भी साथ रहे।

प्रभारी सचिव ने अस्पताल के पैथोलॉजी लैब, विभिन्न टेस्टिंग व्यवस्थाओं, एएनसी जांच, टीबी एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग, ओपीडी सेवाएं, लेबर रूम, दवाइयों की उपलब्धता, बेड की स्थिति, ड्यूटी चार्ट, पोर्टल में दवा एंट्री, स्टोर रूम प्रबंधन, एंबुलेंस संचालन, पुरुष एवं महिला वार्ड, नर्सिंग स्टेशन तथा इमरजेंसी यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने डायबिटीज, हाइपरटेंशन, ब्लड सैंपल परीक्षण सहित सभी महत्वपूर्ण जांच सेवाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

प्रभारी सचिव ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा को उत्कृष्ट मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित किया जाए। अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा, एंबुलेंस सेवा, स्वच्छता और भोजन की व्यवस्था पूर्णतः मानक के अनुरूप सुनिश्चित हो। उन्होंने टेलीमेडिसिन सुविधा को आम जनता तक अधिकतम लाभ पहुंचाने, जनरेटर बैकअप एवं इमरजेंसी यूनिट को पूरी तरह फंक्शनल रखने तथा सेवाओं में तकनीकी सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम घरघोड़ा एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करें, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और अस्पताल में उपलब्ध सभी संसाधनों का अधिकतम प्रभावी उपयोग हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, एसडीएम घरघोड़ा श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, डीपीएम, बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

## एक नजर

### शिकार के लिए बिजली तार का फंदा बिछाते एक व्यक्ति गिरफ्तार



**रायगढ़, 22 नवम्बर।** रायगढ़ वनमण्डल में चलाए जा रहे एंटी स्नेयर वॉक अभियान के दौरान वन विभाग की टीम ने वन परिक्षेत्र रायगढ़ के अंतर्गत बंगुरसिया-पश्चिम कक्ष क्रमांक 946, नारंगी क्षेत्र में वन्य प्राणी शिकार के लिए 11 के.वी.विद्युत तार से सेटरिंग तैयार कर फंदा बिछाते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया।

वनमण्डलाधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी जय सिंह, पिता कार्तिकराम राठिया, उम्र 39 वर्ष, निवासी छिरवानी, बिजली के केबल का इस्तेमाल कर वन्य प्राणियों के शिकार की कोशिश कर रहा था। मौके से उसके पास से सेटरिंग तार और विद्युत तार बरामद किए गए। वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को न्यायालय रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में मुख्य रूप में उप वनमण्डलाधिकारी रायगढ़ श्री एम.एम. मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी रायगढ़ श्री संजय लकड़ा, प्रशिक्षु वन क्षेत्रापाल परिक्षेत्र सहायक बंगुरसियां (पश्चिम) ज्योति ध्रुव, उप वनक्षेत्रपाल श्री हेमलाल जायसवाल, वनपाल प.स. जामगांव श्री मधुसुदन बरिहा, वनरक्षक श्री सुखलाल खड़िया, श्री पालू राम साहू वनरक्षक, श्री आशीष बानी वनरक्षक, दुरवाशा धनवार सुरक्षा श्रमिक, सबिन उरांव सुरक्षा श्रमिक, सिमोन केरकेट्टा सुरक्षा श्रमिक एवं श्री तुलसी बसोड़ का योगदान रहा।

### आयुर्वेद शिविरों से क्षेत्र के ग्रामीण हो रहे लाभान्वित



**रायगढ़, 22 नवम्बर।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. गौराहा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुनगा में प्रतिमाह विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जिनसे क्षेत्र के ग्रामीणों को निरंतर लाभ मिल रहा है। आयुष चिकित्सक डॉ. जागृति पटेल द्वारा आयोजित आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों में ओए एंड एमएसडी की स्क्रीनिंग की जा रही है, जिसमें गाँव के वृद्धजन विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। शिविरों में जरूरतमंद मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयाँ प्रदान की जा रही हैं।

ग्रामीणों को मौसम अनुसार खान-पान, आहार-विहार, दिनचर्या और प्राकृतिक चिकित्सा की महत्ता के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। लगातार शिविर एवं जनजागरूकता गतिविधियों के कारण ग्रामीणों में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रति रुचि और समझ बढ़ रही है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय नायक ने बताया कि बुनगा में प्रति माह जीवन शैली में बदलाव हेतु सत्र, औषधीय पौधों की जानकारी, मितानिन प्रशिक्षण, शालेय स्वास्थ्य परीक्षण, नियमित योगाभ्यास सत्र, सियान जतन, पेलेटिव केयर, वयोमित्र, एनसीडी स्क्रीनिंग, काढ़ा वितरण एवं स्वछता जागरूकता, नशा मुक्ति जागरूकता, जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### सर्पदंश जागरूकता पर काष्ठागार धरमजयगढ़ में कार्यशाला सम्पन्न

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** वनमंडल धरमजयगढ़ क्षेत्र में होने वाली सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम हेतु काष्ठागार धरमजयगढ़ में जनजागरुकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सर्पदंश से बचाव, इस क्षेत्र में पाये जाने वाले विभिन्न प्रकार की जहरीले सर्प की पहचान एवं उसकी रेस्क्यू तथा उसके संरक्षण के संबंध में चर्चा हुई। प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य-इस क्षेत्र में पाये जाने वाले विभिन्न जहरीले, बिना जहर वाले सांपो की पहचान करना, सर्पदंश से बचाव, सांपो का संरक्षण, सर्पदंश के बाद होने वाले चिकित्सकीय उपायों तथा सांप से जुड़े अन्य विषयों पर गहन रुप से चर्चा-परिचर्चा कर सांपो से जुड़ी अपनी जानकारी को बढ़ाना, जिससे सर्पदंश से होने वाली अकाल मृत्यु को न्यूनतम किया जा सके।कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने क्षेत्र में सांपो से होने वाली अकाल मृत्यु को न्यूनतम करने की विभिन्न उपायों के बारे में बताया तथा लोगों को इस संबंध में जागरुक किया गया।

## सभी उपार्जन केंद्रों में माइक्रो लेवल पर हो निरंतर निगरानी: रजत कुमार



**रायगढ़, 22 नवम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरुप समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य प्रदेश भर में सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। इसी क्रम में जिले के प्रभारी सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री रजत कुमार ने आज रायगढ़ जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी व्यवस्था, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं धान के सुरक्षित भंडारण की स्थिति की जानकारी ली और समग्र व्यवस्था पर संतोष जताया। इस अवसर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी भी साथ में मौजूद रहे।

प्रभारी सचिव ने सर्वप्रथम धान उपार्जन केंद्र कोड़ातराई का दौरा किया। उन्होंने साफ-सफाई, बारदाना उपलब्धता, पेयजल, फेंसिंग, सीसीटीवी कैमरे, ड्रेनेज सिस्टम, नमीमापक यंत्र, तौल कांटा, छाया व्यवस्था तथा अब तक की कुल खरीदी की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सुखा, स्वच्छ एवं एफएक्यू क्वालिटी का धान ही खरीदा जाए। किसानों को धान विक्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव को किसानों ने उपार्जन केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं को उत्कृष्ट बताया और पारदर्शी एवं व्यवस्थित खरीदी व्यवस्था से संतोष व्यक्त करते हुए सरकार का आभार प्रकट किया।

प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी चेकपोस्टों पर सख्त निगरानी रखी जाए एवं किसानों का शत-प्रतिशत धान खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बाहरी धान को जिले में प्रवेश से पहले ही रोकने के पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने अधिकारियों को माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग, नियमित फील्ड विजिट और निगरानी करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने धान उपार्जन केंद्र तरकेला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पिछले वर्ष की खरीदी, पंजीकृत किसानों की संख्या, बारदाना उपलब्धता, टोकन प्रणाली, ड्रेनेज व्यवस्था एवं तौल कांटा की स्थिति की समीक्षा की।





**खरसिया।** आर्ट ऑफ लिविंग और अखिल भारतीय महिला जागृति शाखा खरसिया के बैनर तले 22 नवंबर को प्रातः 8 बजे शासकीय कन्या शाला में 250 बच्चों को आर्ट ऑफ लिविंग का प्रशिक्षक विभा अग्रवाल द्वारा योगा और ध्यान कराकर दिया गया। साथ ही योग से उनके शरीर और मन पर होने वाले फायदे भी बताए गए।उक्त कार्यक्रम में जागृति शाखा की अध्यक्ष रोली अग्रवाल एवं विद्यालय परिवार के प्राचार्यगण, शिक्षकगण तथा सभी स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य द्वारा किया गया।

### सतनाम भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** महापौर श्री जीवर्धन चौहान के मुख्य आतिथ्य में आज सतनाम भवन, कांशीराम चौक रायगढ़ में निःशुल्क आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत सभी 12 पैकेज की स्वास्थ्य सेवाएं नागरिकों को प्रदान की गईं। इन सेवाओं में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, गैर-संचारी रोग जांच, लैब जांच, टीकाकरण, टी.बी. जांच, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान कार्ड एवं वयोवंदन कार्ड निर्माण जैसी सुविधाएं शामिल थीं। शिविर के दौरान पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन विषय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम तथा सास-बहू सम्मेलन आयोजित कर लोगों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए:प्रभारी सचिव



**रायगढ़, 22 नवम्बर।** रायगढ़ जिले के प्रभारी सचिव एवं वाणिज्य, उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग, रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री रजत कुमार आज शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर दस विभागों की गहन समीक्षा एवं योजनाओं, कार्यक्रमों में प्रगति लाने ने निर्देश दिए। प्रभारी सचिव श्री रजत कुमार आज रायगढ़ जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे।

प्रभारी सचिव श्री रजत कुमार ने समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का संबंधित अधिकारी अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। आगामी समीक्षा बैठक तक प्रगति होनी चाहिए। प्रभारी सचिव ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से मिले और कोई भी वंचित न रहेप्रभारी सचिव ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित है, इसलिए विभागीय समन्वय एवं समयबद्ध क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री कृषक उन्नति योजना, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत तिलहन क्षेत्र विस्तार, प्रधानमंत्री आशा योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति सहित प्रमुख कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अंतर्गत अपार आईडी, छात्रों के आधार कार्ड निर्माण, शिक्षकों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम सुधार पर बल दिया। खाद्य विभाग के अंतर्गत उज्वला 3.0 योजना में गैस कनेक्शन वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए मिले लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल उपलब्धता की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत सेवाओं की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि दूरस्थ ग्रामों एवं अशक्त नागरिकों को घर पहुँच सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। स्कूली बच्चों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिले में उत्कृष्ट कार्य हुआ है तथा लक्ष्य पूर्ति के लिए कार्य तीव्र गति से जारी है। प्रभारी सचिव ने लंबित प्रकरणों और प्रथम किस्त भुगतान को शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में चल रहे अधोसंरचना विकास के कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को अगले चार महीने में कार्य प्रगति लाने के निर्देश दिए। शासन की महत्वाकांक्षी धान खरीदी पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं सहित रेडी-टू-ईट उत्पादन, महतारी वंदन योजना के ई-केवाईसी, पोषण सुधार, स्वास्थ्य विभाग में एएनसी पंजीयन, दवा उपलब्धता, आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं दूरस्थ अंचलों में टेलीमेडिसिन सेवा की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दूरस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों में दवा उपलब्ध कराने में विलंब पर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री जितेन्द्र उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, डॉ. प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, सभी एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### युवा रत्न सम्मान योजना के लिए आवेदन 30 नवंबर तक

**मोहला 22 नवम्बर ।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा युवा रत्न सम्मान योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवाओं और स्वैच्छिक संगठनों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है।पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम 12 जनवरी 2026 को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव, रायपुर में आयोजित होगा। जिले के पात्र युवा निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 30 नवंबर तक कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जमा कर सकते हैं।

## अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर कलेक्टर के निर्देशानुसार कड़ी कार्रवाई



**धमतरी, 22 नवम्बर ।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और निर्बाध बनाए रखने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है। कृषि, खाद्य, सहकारिता, राजस्व तथा कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारियों से संयुक्त रूप से गठित यह दल कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा किए जाने वाले अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर प्रभावी निगरानी रख रहा है।उड़नदस्ता दल द्वारा 17 अक्टूबर 2025 से 19 नवंबर 2025 तक की कार्रवाई के दौरान मंडी अधिनियम 1972 के तहत कुल 17 प्रकरण दर्ज किए गए। इस अवधि में 784 क्विंटल अवैध धान जप्त कर लगभग 16 लाख 54 हजार रुपये मूल्य का धान सुरक्षित कब्जे में लिया गया है। यह कार्रवाई जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने और खरीदी व्यवस्था को स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## शेयर मार्केट में निवेश कराने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी

**भिलाई, 22 नवंबर।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र में शेयर मार्केट में निवेश कराने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। रेलवे के चतुर्थ श्रेणी गैंगमैन राहुल कुमार ने 40 से अधिक रेलवे कर्मियों को भारी मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपए ठग लिए और अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है मोहन नगर पुलिस आरोपी राहुल कुमार ने अपने ही विभाग के

कर्मचारियों को उच्च रिटर्न का झांसा देकर निवेश करने के लिए तैयार किया उसने दावा किया कि 1 लाख रुपए निवेश पर 10 हजार रुपए महीना 10 लाख निवेश पर  लाख रुपए महीना लौटाएगा विश्वास जमाने के लिए राहुल ने करीव एक वर्ष तक छोटी राशि निवेश करने वालों को लगातार मासिक भुगतान किया, जिससे लोगों का भरोसा बढ़ता गया इसके वाद उसने बड़े अमाउंट निवेश कराने शुरू कराए डोंगरगढ़ से बिलासपुर तक काम करने वाले कई रेलवे कर्मचारियों ने 3, 5, 10 और 15 लाख रुपए तक जमा कर दिए पुलिस के मुताबिक, आरोपी सभी राशि समेटकर फरार हो गया अंतिम बार राहुल को रायपुर एयरपोर्ट पर देखा गया, जिसके बाद उसका कोई सुराग नहीं है पुलिस विभिन्न स्थानों में उसकी तलाश कर रही है ।

## राजस्व विभाग की कार्रवाई, बसना क्षेत्र में 545 कट्टा अवैध धान जब्त

**महासमुंद 22 नवंबर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर संबंधित अधिकारियों को विशेष निगरानी एवं कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में आज एसडीएम श्री हरिशंकर पैकरा एवं तहसीलदार श्री कृष्ण कुमार साहू के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बसना तहसील अंतर्गत ग्राम सलखण्ड एवं टांगपसा उपार्जन केंद्र में अवैध धान तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई की। जिसमें टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कुल 545 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया है।कार्रवाई के दौरान ग्राम सलखण्ड में टीम ने दबिश देकर कुल 400 कट्टा धान को अपने कब्जे में लिया।  वहीं उपार्जन केन्द्र टांगपसा में 145 कट्टा धान जब्त किया। जिसमें रबी फसल के धान का मिलावट पाया गया।  जप्त किए गए धान की प्राथमिक जांच रिपोर्ट तैयार कर आगे की विधिक प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

## राज्य लोक सेवा परीक्षा धमतरी के अनंत गुप्ता ने हासिल किया 26वां स्थान

### कलेक्टर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया सम्मानित



**धमतरी, 22 नवंबर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2024 की समेकित मेरिट सूची जारी कर दी गई है, जिसमें धमतरी जिले के अनंत गुप्ता ने 26वीं रैंक प्राप्त कर जिले एवं शहर का गौरव बढ़ाया है। परिणाम जारी होने के उपरांत अनंत गुप्ता ने आज शाम कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने अनंत से परीक्षा की तैयारी की प्रक्रिया, अध्ययन पद्धति तथा पारिवारिक सहयोग के विषय में जानकारी ली। अनंत गुप्ता ने बताया कि उन्होंने किसी भी कोचिंग संस्थान के बिना, पूरी तरह स्वध्ययन के आधार पर तैयारी की।   उन्होंने धमतरी के मेनोनाइट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्कूली शिक्षा तथा भिलाई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने नियमित 10 से 12 घंटे अध्ययन कर पीएससी की तैयारी की और दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त की। वर्तमान में वे यूपीएससी की तैयारी भी कर रहे हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अनंत को आगे की उच्च स्तरीय परीक्षाओं हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# समय पर बारदाना मिलने व तौल से खुश हैं महिला किसान

**बलौदाबाजार, 22 नवंबर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में सुदृढ़ एवं पारदर्शी व्यवस्था से किसानों में प्रसन्नता का माहौल है। ग्राम लोहारी की महिला किसान शैलेन्द्री वर्मा ने भी धान उपार्जन केंद्र सुहेला में समय पर बारदान उपलब्ध होने और त्वरित तौल की व्यवस्था की सराहना की है। शैलेन्द्री के पूरा परिवार की आय खेती पर आधारित है। वे 19 एकड़ में खेती करती हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उपार्जन केंद्र में किसानों के लिए बेहतरीन प्रबंध किए गए हैं। केंद्र में आने वाले किसानों के लिए पीने के पानी, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। केंद्र में समाधान पेटी भी स्थापित की गई है, जिसमें किसान अपना सुझाव आवेदन लिखकर डाल सकते हैं। इससे किसानों की बात सीधे प्रशासन तक पहुंच रही है और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी संभव हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हित में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी किए जाने के निर्णय को लेकर भी किसान शैलेद्री वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अत्यंत लाभकारी और सराहनीय है। शैलेन्द्री वर्मा ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष धान खरीदी की पूरी व्यवस्था सुचारू और सुविधाजनक है। समय पर बारदान मिला, समय पर तौल हुई और किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आई। सरकार और प्रशासन किसानों के साथ खड़े हैं, इसके लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।



जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के हर उपार्जन केंद्र में किसान सहज, सुरक्षित और सम्मानपूर्वक धान बेच सकें, एवं खरीदी कार्य तत्परता, पारदर्शिता और किसान-हित की भावना के साथ सतत जारी रहे।

## एक नजर

### जिले में धान खरीदी का कार्य जोरों पर

**राजनांदगांव 22 नवंबर।** जिले में धान की खरीदी का कार्य जोरो पर है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उल्लास एवं खुशी है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के सुचारू संचालन के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 6372 पंजीकृत किसानों से 73 करोड़ 57 लाख 73 हजार रूपए मूल्य का 309327.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

### संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य

**राजनांदगांव 22 नवंबर।** जिले में ऐसे सभी संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ अधिनियम 2013 अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। आंतरिक शिकायत समिति के गठन उपरांत भारत सरकार के वेब पोर्टल httpÑ//shebo&.wcd.gov.in में भी एण्ट्री करना अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने पर 50 हजार रूपए अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। जिले के सभी संस्थानों से आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर ऑनलाईन वेब पोर्टल पर भी एण्ट्री करने की अपील की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा श्रम विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

### ग्राम नकटी एवं छेड़ीखेड़ी के किसानों ने बेचा धान

**रायपुर, 22 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशन तथा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले में सुचारू रूप से धान खरीदी चल रही है। इसी के अंतर्गत धरसीवां ब्लॉक के ग्राम नकटी एवं छेड़ीखेड़ी के किसानों ने लगभग 203 क्विंटल धान बेचा है 7 किसानों ने नियमानुसार धान खरीदी करने, प्रशासन द्वारा सभी सुविधाएं मुहैया करवाने एवं पारदर्शिता के साथ धान खरीदी का संचालन करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया ।

### एसआईआर प्रक्रिया को शत् प्रतिशत पूर्ण करने मिशन मोड पर प्रशासन, बीएलओ के साथ कलेक्टर भी गए घर-घर



**रायपुर 22 नवंबर।** एसआईआर की प्रक्रिया गुणवत्तापूर्वक एवं समय पर पूरा करने रायपुर जिला प्रशासन मिशन मोड पर काम कर रहा है। आज कलेक्टर डॉ गौरव सिंह स्वयं खमतराई इलाके में घर-घर घूमे। बीएलओ के साथ उन्होंने मतदाताओं से शीघ्र ही गणना पत्रक भरने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपा गया यह कार्य समय पर पूरा करना है। बीएलओ इसके लिए लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए बीएलओ को आम जनता का जितना अधिक सहयोग मिलेगा, काम उतना ही बेहतर तरीके से संपन्न होगा। कलेक्टर ने कहा कि फार्म में ही बीएलओ का मोबाइल नंबर भी दर्ज किया गया है किसी तरह की तकनीकी दिक्कत होने पर बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक हेल्पलाइन नंबर भी बनाई गई है जिसमें भी संपर्क किया जा सकता है। रायपुर निगम जोन 1 खमतराई के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि इस हेल्पलाइन नंबर के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत कराएं। कलेक्टर ने मतदाताओं से कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य है इससे मतदाता सूची का शुद्धिकरण होगा, इसे जल्द पूर्ण कर बीएलओ को प्रदान कर सहयोग करें।

# कलेक्टर पहुंचे धान खरीदी केन्द्र, जांची केन्द्र की व्यवस्था

## कहा-किसानों को न हो समस्या, अवैध धान की खरीदी पर कड़ाई से लगाएं रोक

**रायपुर 22 नवंबर।** जिले में जारी धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आज उपार्जन केंद्र माना पहुंचे। उन्होंने किसानों द्वारा लाए गए धान की तौल करवाई और मॉइश्चर मीटर से नमी की जांच भी करवाई। कलेक्टर ने किसानों के लिए केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं और फसल की स्थिति पर चर्चा की। साथ ही कलेक्टर आज अभनपुर के केंद्री धान उपार्जन केंद्र पहुंचे और धान खरीदी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां भी धान को तौलाने और नमी मापक यंत्र की जांच की। कलेक्टर ने मेडिकल किट मंगाकर दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं कम्प्यूटर में पंजीकृत रकबा के तहत किसानों का उपार्जन की स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि यह ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में अवैध धान की खरीदी न हो इसके लिए अपने क्षेत्र में रकबे का परिक्षण कर जमीनी स्थिति का जायजा लें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर से जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन तथा कलेक्टर के निर्देशन में सभी आवश्यक सुविधाएँ केंद्रों में सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन एवं रायपुर एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे, अभनपुर एसडीएम श्री रवि सिंह उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने की अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण प्रगति की समीक्षा

**रायपुर,22 नवंबर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) को लेकर एआरओ, जोन कमिश्नर और सीएमओ की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को इलेक्शन मोड में कार्य करते हुए शेष गणना पत्रकों के शीघ्र वितरण, कलेक्शन और एंट्री की गति तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों से क्षेत्रवार गणना प्रपत्रों के वितरण, कलेक्शन और एंट्री की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रक्रियाएँ सुचारू और समयबद्ध रहें, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर फॉर्मों का त्वरित कलेक्शन और डिजिटाइजेशन पूरा करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने एसआईआर कार्य निर्धारित समयसीमा में, पारदर्शिता एवं व्यवस्थित ढंग से, संपन्न करने के निर्देश दिए।

### जिले में सुचारू एवं सुगमतापूर्वक चल रही धान खरीदी

■ कृषक श्यामलाल ने धान खरीदी की अच्छी व्यवस्था के लिए जताया मुख्यमंत्री का आभार

**रायपुर 22 नवंबर।** प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश तथा कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में सभी उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसान उत्साह के साथ खरीदी केंद्र पहुंचकर अपना धान विक्रय कर रहे हैं।



अपना धान बेचने आए अभनपुर ब्लॉक के ग्राम केन्द्री निवासी किसान श्री श्यामलाल साहू ने बताया कि उनके खेतों में अच्छी उपज हुई है और वे सुगमता से अपना धान बेच पा रहे हैं। श्री साहू ने 80 क्विंटल 80 किलोग्राम धान विक्रय किया। उन्होंने अपना टोकन ऑफलाइन प्राप्त किया और अगले दिन धान लेकर केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सभी व्यवस्थाएँ बहुत अच्छी हैं और उन्होंने सुगमता से अपनी उपज का विक्रय किया। उन्होंने मुख्यमंत्री जी का आभार भी प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशानुसार धान खरीदी को त्योहार की तरह मनाते हुए ज़िले में किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदा जा रहा है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत फ्लैक्स एवं ऑडियो प्रचार वाहन के माध्यम से मतदाताओं को गणना पत्रक भरने के लिए किया जा रहा जागरूक

**राजनांदगांव 22 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 का कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में फ्लेक्स एवं ऑडियो प्रचार वाहन के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं को गणना पत्रक भरने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2025 की मतदाता सूची के आधार पर सभी मतदाताओं को गणना पत्रक का घर-घर जाकर वितरण किया जा रहा है। यह गणना पत्रक सभी मतदाताओं को भरना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव में मतदाता हेल्पलाइन 1950 एवं हेल्पडेस्क की सहायता से मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा दी जा रही है। शिविर का आयोजन कर मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाया जा रहा है।



मतदाता गणना पत्रक को पूर्ण रूप से भरकर 4 दिसम्बर 2025 के पूर्व बीएलओ के पास जमा करना होगा। बीएलओ द्वारा गणना पत्रक भरने में मतदाताओं की सहायता की जा रही है। बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसंबर 2025 के बीच प्रत्येक मतदाता के पास अधिकतम तीन बार मतदाता द्वारा भरे गणना पत्रक प्राप्त करने के लिए जाएगे। गणना पत्रक ऑनलाईन पोर्टल voters.eci.gov.in के माध्यम से भी भरा जा सकता है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान वर्ष 2025 में दर्ज मतदाताओं की जानकारी वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान किया जायेगा। इस दौरान मतदाता के स्वयं तथा उनके माता, पिता, दादा व दादी के नाम का मिलान 2003 की मतदाता सूची से हो जाता है, तो ऐसे मतदाताओं को किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम ऑनलाईन पोर्टल 1शह्लद्गह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर सर्च करने के लिए उपयोग कर सकते है। इसके अतिरिक्त मतदाता वोटर हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 1950 में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। प्रारंभिक प्रकाशन में उन्ही मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएगे, जिनके गणना पत्रक बीएलओ या ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होंगे। प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत प्रकाशित मतदाता सूची हेतु दावा आपत्ति 8 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जाएगी। दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम



**बलौदाबाजार,22 नवंबर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में पंचायत एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत परियोजना कसडोल के ग्राम तुरमा में महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा भाषण, रंगोली, कुर्सी दौड़, नृत्य प्रतियोगिता एवं परियोजना भाटापारा एवं सिमगा के अंतर्गत विद्यालय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खोखली एवं रानीजरौद में रंगोली, निबंध प्रतियोगिता एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरष्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिरण केन्द्र के द्वारा विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, जनपद सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जिले में धान खरीदी की व्यवस्था की समीक्षा



**रायपुर,22 नवंबर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी सभा कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने धान खरीदी की प्रगति और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि धान खरीदी केंद्रों पर हमाल की व्यवस्था, किसानों के लिए पानी, छांव में बैठने की व्यवस्था, मॉइश्चर मशीन सॉफ्टवेयर की जांच और सटीक कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। डॉ. सिंह ने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की अवैध धान खरीदी या बेचने की जानकारी मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अवैध धान खरीदी पर अधिकारी विशेष नजर बनाए रखे। जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन ने कहा कि सभी किसानों की एंट्री ऑनलाइन गेट पास सॉफ्टवेयर में होनी चाहिए और अगर आपके केंद्र में 15 से 20 टोकन कटते हैं, तो सभी टोकन की एंट्री अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर रोज इसकी समीक्षा की जाएगी, साथ ही अधिकारी सभी किसानों के फोटो के साथ गेट पास में एंट्री होना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर सहित,एडीएम श्री उमाशंकर बंदे, रायपुर एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### धान उपार्जन कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई सहकारी समिति प्रभारी की सेवा समाप्त

**रायपुर, 22 नवंबर।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. गनियारी द्वारा समिति प्रभारी, गनियारी श्री कौशल वर्मा को गंभीर अनुशासनहीनता के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त कर दिया गया है। समिति द्वारा पहले ही श्री वर्मा को जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होने पर तत्काल कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। पूर्व में शो कॉज नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बावजूद उनके द्वारा न तो कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई गई और न ही लिखित जवाब प्रस्तुत किया गया। उनकी लगातार अनुपस्थिति से समिति में धान उपार्जन की तैयारी, रबी ऋण वितरण, खादङ्कबीज वितरण तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े आवश्यक कार्य प्रभावित हुए, जिसे समिति ने व्यापक लोकहित के विपरीत और गंभीर दुराचरण माना। आज बोर्ड की बैठक के निर्णय के अनुसार सेवा नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए श्री वर्मा को समिति प्रभारी पद से तुरंत प्रभाव से हटाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

# आंजनेय यूनिवर्सिटी में सांसद खेल महोत्सव ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर,22 नवंबर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत आज आंजनेय यूनिवर्सिटी परिसर, नरदहा में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए प्रतियोगिता की गरिमा को बढ़ाया। महोत्सव के अंतर्गत कुल नौ खेल - कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और कैरम - का आयोजन किया गया, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और चरित्र निर्माण के सर्वोत्तम साधन हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अनेक खिलाड़ी भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। आंजनेय यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री अभिषेक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि सांसद खेल महोत्सव जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता का ब्लॉक स्तरीय चरण परिसर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और अनुशासन का निर्माण भी करते हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे :- डॉ. व्ही. के. गोयल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, श्री ध्रुव कुमार मिर्धा, अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन, डॉ. सलीम राज, अध्यक्ष, वक्फबोर्ड, श्री नवीन अग्रवाल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर, श्रीमती लक्ष्मी यशवंत टंडन सदस्य, जनपद पंचायत रायपुर, श्री संदीप जैन अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद आरंग, श्री टेकचंद साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, श्रीमती नीलिमा वर्मा सरपंच, ग्राम पंचायत नरदहा, एसडीएम आरंग श्रीमती अभिलाषा पैकरा, जनपद सीईओ श्री अभिषेक बैनर्जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लगभग 1250 खिलाड़ी तथा 50 से अधिक खेल अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आंजनेय यूनिवर्सिटी परिसर में संपन्न यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा का उत्सव रहा, बल्कि क्षेत्र में खेल भावना और युवा ऊर्जा का सशक्त संदेश भी बनकर उभरा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक /लो.क.वि./जोन -1/2025/1057/318 भिलाई दिनांक 21/11/25

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतगर्त सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत लाख में | निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि | निविदा पहुचने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड-01 खम्हरिया जुनवानी श्री रेसीडेंसी कॉलोनी में पेयजल सुविधा प्रदान करने हेतु संपवेल एवं आंतरिक जनवाहिनी बिछाने का कार्य । | 180199 | 22.03 | 12.12.2025 | 15.12.2025 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं EMD प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा ।)

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्ते, एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा करें साथ ही धरोहर राशि स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगें। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त

# राजधानी की संपत्तियों का अब होगा ड्रोन सर्वे

## रडार तकनीक से बनेगी भवनों की थ्री डी इमेज

**रायपुर 22 नवंबर।** नगर निगम जल्द ही राजधानी की सभी संपत्तियों का व्यापक और तकनीकी आधारित नया सर्वे शुरू करने जा रहा है. निगम सूत्रों के अनुसार, इस माह के अंत तक सर्वे प्रक्रिया का शुभारंभ किया जाएगा. इसके लिए नगर निगम एक निजी कंपनी के साथ अनुबंध की अंतिम तैयारी में है. वर्क ऑर्डर जारी होते ही कंपनी घर-घर जाकर संपत्तियों का सर्वे करेगी. उद्देश्य उन संपत्तियों को टैक्स दायरे में शामिल करना है जो अब तक निगम के रिकॉर्ड से बाहर हैं, साथ ही पुराने रिकॉर्ड को डिजिटल और सटीक रूप में अपडेट करना है.

**पिछला सर्वे 2017-18 में हुआ था:** नगर निगम द्वारा अंतिम बार सर्वे वर्ष 2017-18 में विश्व बैंक की सहायता से जीआईएस तकनीक पर आधारित कराया गया था. उस समय करीब 3.52 लाख संपत्तियों को निगम के रिकॉर्ड में शामिल किया गया था. लेकिन इसके बाद शहर का तेजी से विस्तार हुआ और बड़ी संख्या में नए आवासीय, व्यावसायिक भवन, मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट और प्लॉटिंग प्रोजेक्ट्स विकसित हुए. निगम का अनुमान है कि पिछले सर्वे के बाद से लगभग 50 से 60 हजार नई संपत्तियां रिकॉर्ड में नहीं जुड़ीं.



**अब 62 करोड़ आएगा खर्च:** पहले योजना थी कि सर्वे ड्रोन तकनीक से किया जाए, लेकिन निगम कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार रडार सर्वे जिसमें 3डी इमेज के जरिए सर्वे किया जाएगा. रडार तकनीक से सटीक त्रि-आयामी (3डी) मानचित्र तैयार होगा, जिसमें प्रत्येक भवन की ऊंचाई, फ्लोर, कंस्ट्रक्शन टाइप और वास्तविक भू-आकृति स्पष्ट रूप से दर्ज होगी. इस हाई-रेजोल्यूशन मैपिंग से भविष्य में सिवरेज नेटवर्क, पेयजल लाइन, सड़क निर्माण और नगरीय ढांचे की योजना बनाने में भी मदद मिलेगी. कुल परियोजना लागत पहले अनुमानित 60 करोड़ थी, लेकिन रडार तकनीक अपनाने से लगभग 2 करोड़ ज्यादा लगेंगे.

इस परियोजना के लिए नगर निगम ने 10 अलग-अलग कंपनियों से तकनीकी प्रस्तुतीकरण लिए थे. इनमें ड्रोन, रडार और सैटेलाइट आधारित सर्वे की अलग-अलग तकनीकों की तुलना की गई. पिछली त्रुटियों को ध्यान में रखते हुए निगम ने इस बार दोहरी पद्धति अपनाने का निर्णय लिया है.

**पिछले सर्वे में मिलीं थीं कई बड़ी गड़बड़ियां:** 2017-18 के सर्वे में लगभग 80 हजार संपत्तियों में माप, वर्गीकरण और स्वामित्व दर्ज करने में त्रुटियां पाई गई थीं. लगभग 1.5 लाख संपत्तियों में पूरा डेटा उपलब्ध नहीं था. करीब 40 हजार संपत्तियों में मालिक बदलने के बाद भी रिकॉर्ड अपडेट नहीं हुआ. कई मामलों में निगम के पास न तो मोबाइल नंबर थे और न ही वर्तमान पता.

**डोर-टू-डोर सत्यापन और दावा-आपत्ति प्रणाली:** रडार सर्वे के बाद दूसरे चरण में निगम की टीम घर-घर जाकर डेटा सत्यापन करेगी. प्रत्येक संपत्ति मालिक को फोटो और विवरण सहित एक डिमांड नोटिस दिया जाएगा. यदि मालिक को डेटा में कोई त्रुटि लगती है, तो वह 7 दिनों के भीतर निगम में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकेगा. इसके लिए अलग सेल बनाई जाएगी।

### ऐसे समझें खर्च और लाभ

रडार सर्वे की लागतः लगभग 80-90 करोड़ रूपए
रडार सर्वे की लागत लगभग 150 रूपए प्रति संपत्ति
अनुमानित नई संपत्तियाः 50,000-60,000
संभावित वार्षिक अतिरिक्त राजस्व लगभग 100 करोड़ रूपए

## एक नजर

### बृजमोहन जब सोहागा मंदिर की देहरी पर बैठ गए, छात्र राजनीति की स्मृतियां ताजा की

**रायपुर 22 नवंबर।** ब्राह्मणपारा स्थित प्राचीन सोहागा मंदिर धर्मशाला के नवनिर्माण पश्चात लोकार्पण समारोह में एक बार फिर से वही पुरानी रौनक और चहल-पहल देखने को मिली, जो कभी यहाँ के राजनीतिक इतिहास का अटूट हिस्सा हुआ करती थी। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल बतौर लोकार्पण समारोह के अध्यक्ष उपस्थित थे। बृजमोहन अग्रवाल न केवल धर्मशाला का उद्घाटन किया, बल्कि मंदिर के देहरी पर बैठकर इसी धर्मशाला से जुड़ी अपनी 45 साल पुरानी स्मृतियों को भी ताजा किया। बृजमोहन अग्रवाल, जो अपने छात्रजीवन में एक कद्दावर छात्र नेता के रूप में जाने जाते थे, ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए रविशंकर विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनावों के उन स्वर्णिम दिनों को याद किया, जब ब्राह्मणपारा और यह सोहागा मंदिर धर्मशाला चुनावी रणनीतिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र हुआ करती थी।श्री अग्रवाल ने बताया, 1980 का दशक था। रविशंकर विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव किसी सियासी जंग से कम नहीं होता था। उस दौरान ब्राह्मणपारा का यह सोहागा मंदिर धर्मशाला हमारा 'वॉर रूम' हुआ करती थी। यहीं से चुनावी रणनीतियाँ बनती थीं, जनसंपर्क का काम होता था और ब्राह्मणपारा समर्थित केंडिडेट के जीत की रूपरेखा तैयार होती थी। उन्होंने कहा, उस जमाने में आज की तरह संसाधन नहीं हुआ करते थे। धर्मशाला का यह बरामदा और कमरे हमारे लिए कार्यालय का काम करते थे। यहाँ बैठकर हम छात्रनेताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपते थे । रात-रात भर यहाँ बैठकें चलतीं और चुनावी जानकारियों का आदान-प्रदान होता। ब्राह्मणपारा इलाके का यह धर्मशाला न केवल भौगोलिक रूप से बल्कि रणनीतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण स्थान था।श्री अग्रवाल के अनुसार, यह धर्मशाला केवल एक चुनावी कार्यालय भर नहीं थी, बल्कि यह छात्र राजनीति की एक सजीव पाठशाला थी। यहीं पर हमने जनता से जुड़ाव, संवाद कौशल और राजनीतिक रणनीति के गुर सीखे। यहाँ की दीवारों ने न जाने कितने भावी नेताओं के सपनों को पंख दिए। आज जब मैं इस नवनिर्मित धर्मशाला में खड़ा हूँ, तो उस इतिहास की झलक साफ दिखाई देती है। यह जानकारी अजय शर्मा ने दी।

### रायपुर में निःशुल्क कृत्रिम पैर वितरण शिविर

**रायपुर।** जरूरतमंदों को फिर से चलने, खड़े होने और सक्रिय जीवन जीने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से इंटरैक्ट क्लब ऑफ रायपुर पिनेकल (रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्?स द्वारा प्रायोजित) दिसंबर में एक बड़े निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन करने जा रहा है. यह शिविर 15 से 18 दिसंबर तक राजधानी रायपुर के मरुति मंगलम भवन, गुढ़ियारी में आयोजित होगा. इस कैंप का आयोजन गुजरात के प्रसिद्ध क्क्र Vathar Artificial Limb Center, Bhavnagar के सहयोग से किया जा रहा है, और इसे शिवाशा फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है. कैंप में दिए जाने वाले कृत्रिम पैर पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे. कैंप संबंधी जानकारी और पंजीकरण के लिए इस नंबर पर संपर्क करें- 9399828610 (धरम सिंह), 9009259990, 6266160857. कैंप में मिलने वाले ये पैर बेहद हल्के वजन वाले हैं. स्टील कैलिपर डिज़ाइन पर आधारित हैं, जो इन्हें मजबूती और लंबी उम्र प्रदान करता है. इनसे लाभार्थी साइकिलिंग, पलथी मारकर बैठना, स्क्वैट्स करना, और सामान्य दैनिक गतिविधियाँ आराम से कर सकते हैं.

### एसआईआरः निगम आयुक्त ने किया विभिन्न जोन कार्यालयों का निरीक्षण

**रायपुर, 22 नवंबर ।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप ने निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार प्रगतिरत एसआईआर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम जोन क्रमांक 5,6,7, 9 कार्यालयों में किया. इस दौरान जोन 5 कार्यालय में नगर निगम जोन 5 जोन अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल की उपस्थिति रही। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली और ड्यूटी पर लगाए गए जोन कार्यालय में मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों की कंप्यूटर पर डाटा एंट्री करवा रहे बी एल ओ से चर्चा कर कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और एसआईआर कार्य को छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार नियत समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्रुटि रहित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एस आई आर कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साय गुणवत्ता से तय समयसीमा के भीतर पूर्ण करवाने सभी जोन कमिश्नरों को प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया है।

### नगरीय निकाय मंत्री के अनुमोदन के बाद 2.77 करोड़ के कार्य मंजूर

**रायपुर, 22 नवंबर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम में विभिन्न कार्यों के लिए दो करोड़ 77 लाख 16 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा नगर निगम के वार्ड क्रमांक-31 में आर.सी.सी. नाली निर्माण के लिए 97 लाख आठ हजार रुपए तथा सड़क डामरीकरण के लिए 94 लाख 49 हजार रुपए मंजूर किए हैं।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे 3 को, टिकटों की बिक्री शुरू

**रायपुर 22 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आयोजित किया जाएगा। दर्शकों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस बहुप्रतीक्षित मैच की टिकटें कब, कहां और किस कीमत पर उपलब्ध होंगी। आइए, आपको इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका-भारत के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची में खेला जाएगा। जिसके बाद 1 दिसंबर को खिलाड़ियों के रायपुर आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। वहीं, 2 दिसंबर को दोनों ही टीमें प्रैक्टिस के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पहुंचेंगी। 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस भी मनाया जाता है, और इसी अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने एक सराहनीय निर्णय लिया है।

## सहकारी कर्मचारियों ने आंदोलन किया स्थगित

**रायपुर 22 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में सहकारी समिति कर्मचारी संघ और समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की 19 दिन से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज की पहल और मध्यस्थता से शुक्रवार देर रात कर्मचारी संगठनों और शासन के बीच सहमति बन गई। दोनों पक्ष मांगों पर बातचीत के बाद तैयार हो गए और देर रात आंदोलन स्थगित करने की औपचारिक घोषणा की गई।हड़ताल खत्म होने के साथ ही सभी कर्मचारी नियमित कामकाज में लौट आए हैं। इससे धान खरीदी, उचित मूल्य दुकान संचालन और सहकारी समितियों की गतिविधियों में फिर से सुचारु व्यवस्था बहाल हो सकेगी।




## चौपाटी का निर्माण अवैधः मूणत

**रायपुर 22 नवंबर।** पश्चिम के विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा है कि साइंस कालेज के पास जहां शिक्षा का माहौल है वहां पर नियम विरूद्ध अवैध चौपाटी का निर्माण कर दिया गया। मूणत ने कहा कि उक्त जमीन न नगर निगम की है और न ही स्मार्ट सिटी की है फिर भी यहां चौपाटी का निर्माण कर दिया गया। यह जमीन खेल विभाग की है।हकीकत में यहां पर स्टेशनरी, फोटोकापी, कम्प्यूटर, पुस्तक दुकान , खेल सामाग्री जैसी दुकाने खोली जानी थी लेकिन यहा पर खाने पीने की दुकानें खोल दी गई है। यह नियम विरूद्ध है प्रति दुकानदार 25 हजार महीना वसूल किया जा रहा था यहा करीब सात दुकानें है निगम को मात्र 29 लाख रूपए सालाना मिल रहा था। चौपाटी को चलाने वाले ने एग्रीमेंट का उल्लंघन किया है। मूणत ने कहा कि इस स्थान पर लाइब्रेरी का टेंडर वर्क का आर्डर हो गया है। मूणत ने कहा कि कांग्रेस ने पांच वर्षों में शहर को अवैध कब्जे व चौपाटी ही दिया है। पी खाकर आए लोगों ने रात के दो बजे मेरे घर के सामने प्रदर्शन किया। कांग्रेस का चौपाटी संचालक से सांठगांठ व लेनदेन का संबंध है मूणत ने कहा कि हम किसी को बेरोजगार नहीं करना चाहते।



### मूणत की जिद के कारण दर्जनों परिवार बेरोजगार

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा है कि राजेश मूणत की जिद के कारण आज दर्जनों परिवार बेरोजगार हो गए है। विकास ने कहा कि कल देर रात आनन फानन में दुकानदारों को मुंहजबानी आकर कहा गया कि अपना सामान समेट लो सुबह 6 बजे आपकी दुकानों को शिफ्ट किया जाएगा। बगैर किसी नोटिस के क्या ऐसी कार्यवाही कोई भी सरकार करती है पर क्या करे मूणत की जिद के कारण बीजेपी साय सरकार भी असहाय दिख रही है। मूणत के घमंड के चलते आज दर्जनों परिवार की जीविका के लाले पड़ने वाले हैं कुछ एक ने ब्याज में पैसा लेकर इसको चालू किया था किसी ने गिरवी रख व्यवसाय चालू किया लेकिन अब इसकी भरपाई ये लोग कैसे करेंगे यह सबसे बड़ा संकट है और कही ऐसी स्थिति में कोई अनहोनी इस परिवार के किसी सदस्य के साथ होती हैं तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी बीजेपी सरकार और राजेश मूणत की होगी।



## सचिव महिला व बाल विकास से किरणमयी की शिकायत

**रायपुर 22 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के खिलाफ शुक्रवार को आयोग की चार सदस्यों लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, ओजस्वी मंडावी और दीपिका सोरी ने एक संयुक्त शिकायत की है. यह शिकायत महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव को भेजी गई है, जिसमें राज्य महिला आयोग के अधिनियम और शासकीय कार्यालयीन प्रक्रिया का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष द्वारा कलेक्टर व एसपी से पत्राचार किए जाने की जानकारी दी गई है.

चारों सदस्यों ने संयुक्त हस्ताक्षर के साथ भेजे पत्र में लिखा है कि आयोग के अधिनियम की धारा 5 तथा राज्य महिला आयोग (प्रक्रिया विनियम 1998) की कंडिका 13 में स्पष्ट उल्लेख है कि राज्य आयोग के आदेश तथा विनिश्चय सचिव द्वारा या राज्य महिला आयोग के ऐसे अधिकारी द्वारा जो अवर सचिव के पद से कम न हो, अधिप्रमाणित किए जाएंगे. इस तरह आयोग का अपना एक सचिवालय है और समस्त शासकीय पत्राचार सचिव के माध्यम ही विधिवत विभागीय प्रक्रिया को पूरा करते हुए किया जाना चाहिए, किंतु वर्तमान अध्यक्ष स्वयं पत्राचार कर रही हैं, फाइलों का संधारण भी स्वयं कर रही हैं, सामान्य बैठकों की सूचना भी सचिव के माध्यम से जारी नहीं हो रही है. सदस्यों ने राज्य शासन से भी इस संबंध में तत्काल कार्यवाही की मांग करते हुए बताया कि आयोग का कार्य संचालन आयोग के अधिनियम एवं विनियम प्रक्रिया के आधार पर होता है, किंतु यहां स्वेच्छाचारिता से संचालन किया जा रहा है।

## मानव सेवा व साधार्मिक भक्ति प्रकल्प का समापन

**रायपुर 22 नवंबर।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष मानव सेवा व साधर्मिक भक्ति का चातुर्मास मनाया गया है । भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो , दया , करुणा , अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए सर्वधर्म व साधर्मिक भाई बहनों को बी पी शुगर टैस्टिंग इक्यूपमेंट निःशुल्क वितरित किए गए । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि कोरोना के बाद युवाओं की अचानक हो रही आकस्मिक मौतों पर विचार विमर्श डॉक्टरी सलाह लेकर घर घर बी पी नापने की मशीन व शुगर टैस्टिंग इक्यूपमेंट का वितरण आरम्भ किया गया । और इस वर्ष के चातुर्मास में विशेष अभियान चलाकर 4000 नग बी पी शुगर इक्यूपमेंट वितरण के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है । कोरोनाकाल के पश्चात वर्तमान में युवाओं की हार्टअटैक से मौत की घटनाओं की बढ़ोतरी हुई है । परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर की बीमारियों ने अनेक जानें ली है । ब्लड प्रेशर कम ज्यादा होना जीवन के लिए घातक हो जाता है । घरों में बी पी मशीन होने से तुरंत प्रारम्भिक इलाज कर जान बचाई जा सकती है , जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा सेवा चातुर्मास के अंतर्गत जैन साधर्मिक परिवारों के लिए स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना का विस्तार किया गया । स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना में 2500 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर एक साधर्मिक परिवार के सजग प्रहरी बन सकते हैं । इस योजना के अंतर्गत बी पी व शुगर जांच की मशीनों का वितरण किया गया । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि नौकरीपेशा व मध्यमवर्गीय जैन परिवारों को आवश्यकता अनुसार 1 ब्लड प्रेशर मशीन व 1 शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट दिया जा रहा है । जिन परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर से पीड़ित परिजन हैं समापन पखवाड़े पर ऐसे 44 परिवारों को मशीन वितरित की गई है । जैन संवेदना ट्रस्ट के वीरेन्द्र डागा व महावीर कोचर ने बताया कि संस्था द्वारा शुगर इक्यूपमेंट के साथ एक पैकेट जांच पट्टी भी दी जा रही है , आगे जांच पट्टी स्वयं को लेनी होगी । ट्रस्ट के चन्द्रेश शाह व गुलाब दस्सानी ने आगे बताया कि जरूरत होने पर ब्लड प्रेशर व शुगर जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है ।

## हमें नवाचार के साथ संगठन को और मजबूत करना होगा : शिवप्रकाश

**रायपुर 22 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा है कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर पल संगठन की कार्ययोजना पर जुटा होता है। यही कारण है कि हमारे संगठन का विस्तार हो रहा है। छत्तीसगढ़ व देश में हमारी सदस्य संख्या हमारे संगठनात्मक स्वरूप का प्रतीक है। श्री शिवप्रकाश शुक्रवार को यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आहूत भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।



भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि हम सदैव अनुशासन के दायरे में रहकर एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जुटते हैं। प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी आगामी कार्ययोजना के साथ संगठन को कैसे मजबूत करें, इसके लिए जुटे हुए हैं। सबकी भूमिका पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता, कार्यालय व कार्यक्रम के बीच सेतु के रूप में हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा संगठन के लिए समर्पित होता है, इसलिए हम मजबूत होते हैं।

इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब विचारधारा के उपासक हैं। हमारे व्यवहार में विचार है, इसलिए सदैव विचार के लिए समर्पित होते हैं। हम सब कार्यकर्ता मजबूत संकल्प के साथ आगामी कार्ययोजनाओं के लिए जुटे हुए हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री त्रय अखिलेश सोनी, यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, लद्दाख के पूर्व सांसद व एसआईआर के प्रदेश प्रभारी जामयांग त्सेरिंग नामग्याल सहित प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने की निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात

**रायपुर 22 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के एसआईआर प्रदेश प्रभारी व पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा, एसआईआर प्रदेश कार्यालय प्रभारी मोहन पवार एवं वैभव वैष्णव ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर पत्र सौंपा। इस दौरान भाजपा के एसआईआर छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री नामग्याल ने बताया कि बस्तर, सुकमा जैसे वनांचल क्षेत्र में जहां पर टेलिफोनिक सुविधा नहीं है, ऑनलाइन सुविधा नहीं है, वहां पर कैसे मतदाता सूची उपलब्ध करा सकते हैं और पोलिंग बूथ में फॉर्म जमा हो रहा है और कहां-कहां चुनाव आयोग की ओर से बीएलओ से कैसे सहयोग कर कार्य को आगे बढ़ाएँ, इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री नामग्याल ने कहा कि हम सभी मिलकर एसआईआर को लेकर एक सशक्त कार्य करने जा रहे हैं। मुख्य कार्य चुनाव आयोग का है लेकिन भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते इस राष्ट्र निर्माण में एसआईआर के लिए हम हर स्तर पर सहयोग कर सकते हैं।

इससे पहले राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए पत्र में भाजपा नेताओं ने बताया है कि प्रदेश में 04 नवम्बर से 04 तक चल रहे एसआईआर के दृष्टिगत राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट को इलेक्शन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा अब तक बूथ लेवल एजेंट होने का परिचय पत्र नहीं दिया गया है ढ्ढ इसी तरह अधिकांश स्थानों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा एसआईआर हेतु निर्धारित मापदंडों के अनुरूप प्रक्रिया गंभीरता से नहीं की जा रही है ढ्ढ स्थानीय स्तर पर भाजपा के नियुक्त बूथ लेवल एजेंट द्वारा यह पाया गया है कि 16 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश स्थानों पर बीएलओ द्वारा मतदाता के आवास में जाकर मतदाता की जांच नहीं की जा रही है और एक ही स्थान से फार्म का वितरण किया जा रहा है।

**समारोह** — श्री राधा-कृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर में नवनिर्मित धर्मशाला का लोकार्पण

# समाज के लिए उपयोगी बनना सबसे बड़ा सौभाग्यः रमेश बैस

**रायपुर 22 नवंबर।** श्री राधा कृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर (पुनिया बाई )धर्मशाला ब्राह्मणपारा में नवनिर्मित धर्मशाला का लोकार्पण दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज की उपस्थिति में किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश बैस( पूर्व राज्यपाल), कार्यक्रम अध्यक्ष रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ सुनील सोनी (विधायक दक्षिण एवं पूर्व सांसद रायपुर ), रविंद्र चौबे (पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ ) तथा श्रीमती मीनल चौबे( महापौर, नगर पालिक निगम रायपुर ) विशिष्ट आतिथ्य के रूप मे मौजूद थे। साहित्य परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा , नरेंद्र तिवारी एवं पार्षद अजय साहू भी उपस्थित थे।



अतिथियों का स्वागत करते हुए मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के दानदाताओं के सहयोग से निर्मित सर्व सुविधा युक्त धर्मशाला भवन आज समस्त अतिथियों के उपस्थित में समाज को समर्पित है। समाज के इस कार्य के लिए हम सब माध्यम बने यह हमारा सौभाग्य है और आगे भी युवा पीढ़ी को जोड़ते हुए छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के विकास के लिए समर्पित रहेंगे ।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि रमेश बैस,पूर्व राज्यपाल ने कहा कि समाज के लिए उपयोगी बनना सबसे बड़ा सौभाग्य है ।इसलिए जब मैं पद पर था ,तब भी हमेशा सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए तत्पर रहता था और आज पद ना होने के बाद भी कभी भी सामाजिक कार्य के लिए मेरी आवश्यकता पड़े तो हमेशा तत्पर रहूंगा।

लोकार्पण समारोह के अध्यक्ष सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज को बधाई देते हुए कहा कि समाज के वरिष्ठ जनों के नेतृत्व में निरंतर सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज के विकास में लगे रहना प्रदेश और राष्ट्र के लिए जरूरी है ।

समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक एवं पूर्व सांसद सुनील सोनी ने कहा कि सोहागा मंदिर में नवनिर्मित धर्मशाला के लिए दान करने वाले दानदाताओं को मेरा प्रणाम है। समाज के लिए उपयोगी यह भवन सामाजिक कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा । पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने सामाजिक कार्यों के लिए इस प्रकार के निर्माण कार्य को आवश्यक बताया। महापौर मीनल चौबे ने ब्राह्मणपारा में अपने बचपन के दिनों का स्मरण करते हुए बताया कि यहां श्री राधा कृष्ण स्वामी मुरली मनोहर मंदिर से प्राप्त आशीर्वाद का फल है कि मुझे महापौर के रूप में रायपुर शहर की सेवा करने का अवसर मिला। दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ जी महाराज ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि जिन्हें दान करने की इच्छा होती है ,उनके पास साधन नहीं होता और जिनके पास साधन होता है उन्हें दान करने की इच्छा नहीं होती ।पर जिनके पास साधन भी हो और दान करने की इच्छा भी हो उन्हें सही पात्र नहीं मिलता। यह सौभाग्य की बात है।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मेघेश तिवारी ने किया ।इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य प्रदीप नारायण तिवारी, अधिवक्ता भूपेंद्र शर्मा ,हरीश मिश्रा, संजय दीवान,वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम बैस, अंचल के प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर,व्यास नारायण शुक्ला,डी पी तिवारी,मिश्री लाल पाण्डेय,अशोक दीवान,अविनाश शुक्ला, उमाकांत तिवारी, सुभाष तिवारी,प्रियतोष शर्मा, प्रो.ध्रुव पाण्डेय, आशीष दीवान, विनय तिवारी,भूपेन्द्र शर्मा, प्रीति शुक्ला, विभा तिवारी, कुसुम शर्मा, रामावतार तिवारी मृत्युंजय दुबे,संजय शर्मा,सुनील शर्मा,सहित समस्त दानदाताओं के साथ छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26